
हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024


# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships




## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma | B.Sc.
PG Diploma | M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with NIIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

#Rajesh9926308899

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पटवारी-पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को ग्राम भरेंगा में निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उचित मूल्य की दुकान में जाकर चावल, शक्कर और नमक के वितरण की भी जानकारी ली। इस दौरान वहां कुछ ग्रामीणों ने पटवारी और पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होने और जनता के कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने मकान के आगे पानी भरने की समस्या भी बताई।

# चुनाव आयोग ने कांकेर लोकसभा सीट के चार बूथों के ईवीएम की जांच के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आयोग ने कांकेर लोकसभा सीट पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। अब यहां पर ईवीएम की जांच कराई जाएगी। कांकेर से भाजपा के भोजराज नाग ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को 1884 वोटों से हराया है। कांग्रेस उम्मीदवार ने गड़बड़ी की आशंका जताते हुए चुनाव आयोग को शिकायत भी की थी। मतगणना के दिन रीकाउंटिंग के कारण यहां का परिणाम सबसे देर से आया था।

### ईवीएम बदलने का आरोप

कांकेर सीट से बेहद करीबी मुकाबले में हारने वाले कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने 4 केंद्रों के ईवीएम बदले जाने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर को ज्ञापन सौंपकर संजारी बालोद, गुंडरदेही और सिहावा विधानसभा में ईवीएम जांच की मांग की थी। बीरेश ठाकुर ने कहा, मतदान के बाद जो ईवीएम के नंबर एजेंट को दिए गए थे, मतगणना के दिन वो कैसे बदल गए। निर्वाचन आयोग को इसका जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जिस ईवीएम पर गड़बड़ी को आशंका हो, उसकी जांच करवाई जा सकती है।

हालांकि परिणाम से असंतुष्ट कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम की जांच कराने की मांग की थी। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा सीट का भी नाम शामिल था। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी।

### निर्वाचन आयोग ने जारी की थी गाइडलाइन

यह पहली बार है कि इलेक्शन कमीशन ने ईवीएम चेक कराने को लेकर गाइडलाइन जारी की है। 4 जून को काउंटिंग से पहले 1 जून को आयोग की ओर से यह गाइडलाइन आई थी। इसमें यह प्रावधान किया गया है कि रिजल्ट आने के बाद जो भी सेकेंड पोजिशन वाला उम्मीदवार है, वह ईवीएम चेक कराने के लिए आवेदन कर सकता है। आयोग की ओर से एक ईवीएम चेक कराने के लिए 50 हजार रुपए की फीस रखी गई है। उम्मीदवार को रिजल्ट आने के 7 दिन में इसके लिए आवेदन किया जाना जरूरी है।

# संदीप ने कहा- मोदी सरकार ने आते ही किसान हित में ऐतिहासिक फैसले लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने धान समेत कृषि उत्पादों के बढ़े हे नए समर्थन मूल्य की घोषणा का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने खरीफ की फसलों के समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। धान के समर्थन मूल्य में भी बहुत अच्छी बढ़ोतरी की गई है और इससे देश के साथ-साथ प्रदेश के किसानों में भी हर्ष व्याप्त है। श्री शर्मा ने कहा कि जहां तक सवाल है दलहन और तिलहन के दामों का, तो तिलहन के दामों में 983 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की गई है, यह अपने आपमें एक अकल्पनीय बढ़ोतरी है और यह इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार किसानों को कैश क्राफ्ट की खेती की तरफ ले जाना चाहती है और इसका परिणाम यह होगा कि देश में दालों और तेल के आयात में कमी आएगी और विदेशी भुगतान संतुलन में भी इसका फायदा मिलेगा। बाजरा, ज्वार और रागी के दाम में जो बढ़ोतरी की गई है उससे मिलेट की खेती करने वाले किसानों में काफी उत्साह है। रागी, ज्वार और बाजरा के जो दाम है, उनमें 2014 की तुलना में लगभग 100% की बढ़ोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन में 2014 की तुलना में 85 से लेकर के 100% तक की बढ़ोतरी हुई है जबकि धान की फसलों में यह बढ़ोतरी 2014 की तुलना में वर्तमान कीमत लगभग 72% की बढ़ोतरी है। इन सबको देखकर निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मोदी सरकार किसानों के प्रति चिंतनशील है।




## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेष...

योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा को उर्जा, ताकत और सौन्दर्य प्रदान करता हैं


## योग दिवस की शुरूआत

भारत से योग का संबंध सालों पुराना है. आप ये भी कहते हैं कि भारतीय संस्कृति और वेदों में योग एक प्रमुख अंग है. आज जब पूरी दुनिया योग के अहमियत को समझ रही है, तो इसका श्रेष्य भारत के योगगुरुओं को जाता है. जिनके प्रयास से दुनियाभर में योग पहुंचा है. अब सवाल है कि योग दिवस की शुरूआत कैसे हुई थी, बता दें कि इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था. जिसके बाद पहली बार दुनियाभर में योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था. इस दिन विश्व के लाखों लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया था.























# दूध के बाद अब दही 20 और पनीर 40 रुपए महंगा, मिठाई के भी दाम बढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

अमूल दूध की कीमत में दो रुपए का इजाफा होने के बाद अब ज्यादातर कंपनियों ने अपने दूध की कीमत में इजाफा कर दिया है। इसका असर यह हुआ है कि अब मिठाई कारोबारियों ने दही के दाम 20 रुपए और पनीर 40 रुपए प्रति किलो बढ़ा दिए हैं। आने वाले समय में मिठाई की कीमत में भी इजाफा करने की तैयारी है। मिठाई की कीमत में बीते साल से इजाफा नहीं किया गया है, जबकि मार्च 2022 और फरवरी 2023 के बीच में दूध की कीमत में चार बार में 8 रुपए का इजाफा किया गया था।

महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। खासकर किचन के सामान के दाम लगातार आसमान पर जा रहे हैं। इस माह दूध की कीमत में अधिकांश कंपनियों ने दो रुपए किलो का इजाफा कर दिया है। साथ ही दही की कीमत में भी बढ़ोतरी की है। दूध महंगा होने का असर अब दुग्ध उत्पादों पर भी दिखने लगा है।

### दही-पनीर हुए महंगे

दूध बेचने वाली कंपनियां तो दही और पनीर पैकेट में बेचती है, लेकिन मिठाई दुकानों के साथ डेयरी तथा किराना दुकानों में दही, पनीर खुला भी बेचा जाता है। इसकी कीमत भी अलग-अलग होती है। राजधानी के मिठाई कारोबारियों ने दूध की कीमत बढ़ने के बाद अब जहां दही की कीमत में 20 रुपए का प्रति किलो पर इजाफा किया है, वही पनीर की कीमत भी 40 रुपए बढ़ाई है। पहले जो दही 120 रुपए किलो थी, वह अब 140 और पनीर 400 से 440 रुपए हो गया है। कारोबारियों के मुताबिक जहां 10 लीटर दूध में 8 किलो दही बनती है, वहीं 10 लीटर दूध में दो किलो से कम पनीर बनता है। ऐसे में पुरानी कीमत पर दही और पनीर बेचना संभव नहीं है।

**मिठाई कारोबारी एक सप्ताह में बैठक कर लेंगे फैसला**



### चर्चा के बाद बढ़ेगी मिठाई की कीमत

कारोबारी संजय विरानी के मुताबिक अब मिठाई की कीमत भी बढ़ाने की तैयारी है। इसके लिए राजधानी रायपुर के मिठाई कारोबारियों की एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ इसी माह कभी भी बैठक होगी, इसमें तय किया जाएगा कि दूध से बनने वाली किस मिठाई की कितनी कीमत बढ़ानी है।

## खबर संक्षेप

### कोल घोटाला मामले के आरोपी कोर्ट में पेश

**रायपुर।** कोल घोटाला मामले में लेवी वसूलने के आरोप में 13 जून को बिलासपुर तथा कोरबा से गिरफ्तार किए गए हेमंत, चंद्रप्रकाश जायसवाल तथा निखिल चंद्राकर को ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया। आरोपियों से पूछताछ करने ईडी ने 20 जून तक रिमांड पर देने स्वीकृति दी थी। रिमांड समाप्त होने के बाद तीनों आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया, जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 24 जून तक जांच एजेंसी की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। साथ ही कोल घोटाले के आरोप में जेल में बंद एसएस नाग, लक्ष्मीकांत तिवारी, संदीप नायक को जांच एजेंसी ने पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। रिमांड खत्म होने के बाद जांच एजेंसी ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, कोर्ट के आदेश पर तीनों को न्यायिक हिरासत में 1 जुलाई तक जेल भेज दिया गया।

### सिलेंडर, चूल्हा, कैमरे चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने एक एकेडमी संचालक की शिकायत पर दो बदमाशों को एकेडमी से गैस सिलेंडर, चूल्हा



तथा वहां लगे दो सीसीटीवी कैमरे चोरी कर ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आदित्य एजूकेशन के संचालक अजय अग्रवाल की शिकायत पर चोरी के आरोप में सोनू वर्मा तथा बिरजू तांडी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर धर-दबोचा।

### शादी से नाराज भाइयों ने किया विवाद, पीटा भी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने अपने तीन भाइयों के खिलाफ संपत्ति बंटवारे के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अब्दुल जासिद ने अब्दुल बासिद, अब्दुल जाहिद, अब्दुल साहिद के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जासिद ने पुलिस को बताया कि तीनों भाई उसकी शादी से नाराज थे। इस बात को लेकर बासिद तथा उसके दोनों भाई जासिद के घर पहुंचे और उसे उसके पिता की संपत्ति में बंटवारा नहीं देने की बात कहते हुए मारपीट की।


### कार की ठोकर लगने से बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में कार की ठोकर लगने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज कर कार को जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक महासमुंद में ग्राम निवेश में अनुरेखक के पद पर पदस्थ नरेंद्र कुमार बघेल की रोड एक्सीडेंट में मौत हुई है। मृतक के जीजा विवेक भारती ने पुलिस को बताया कि उसका साला नरेंद्र उसके साथ नवा रायपुर में रहता है, वह सुबह साढ़े 10 बजे ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। आरंग, शक्ति नाला के पास कार सीजी-07 बीआर-5446 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए नरेंद्र की बाइक को ठोकर मार दिया।

**राजधानी के आसपास बादलों का डेरा**

बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम के सामने, नगरघड़ी चौक, आंबेडकर चौक के सामने जलभराव

# मानसून के पहले ही मोटी धार ने बिगाड़ी शहर की सूरत, कई इलाकों में भरा पानी



अर्जुननगर, गीता नगर, राखी नगर में भी दिक्कत

महापौर के खिलाफ भरी बारिश में पार्षद अमर बंसल का धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गुरुवार को देर शाम मानसून की पहली झमाझम बारिश से जहां शहरवासियों को उमस से राहत मिली, वहीं समता कालोनी मुख्य मार्ग, डंगनिया मोड़, पुरानी बस्ती, लाखेनगर चौक, नगरघड़ी चौक, मोतीबाग चौक, शास्त्री बाजार और समता कालोनी के मुख्य मार्ग पर जलभराव से लोग परेशान रहे। गीतानगर, अर्जुननगर, राखी नगर बस्ती में जलभराव की शिकायत सामने आई है। तेज बारिश में समता कालोनी मुख्य मार्ग की सड़क पर स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद अमर बंसल ने महापौर के खिलाफ धरना देकर विरोध जताया।

राजधानी में देर शाम झमाझम बारिश के कारण डंगनिया मोड़ के सामने घुटनों तक पानी भर गया। इससे राहगीर से लेकर दोपहिया व तिपहिया चालक परेशान रहे। नालियों का गंदा पानी कीचड़ के साथ ओवर फ्लो होकर सड़क पर बहता रहा। इससे इस मार्ग पर आने-जाने वालों को खासी परेशानी हुई। वहीं मुख्य मार्ग की दुकानों के सामने पानी भरने से दुकानदारों को पानी निकासी के लिए दिक्कत हुई। लाखेनगर मुख्य मार्ग से लेकर पुरानीबस्ती चौक पर जगह-जगह पानी भरने और कुछ जगह तेज हवा के कारण स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरे में गंतव्य तक जाने की नौबत आई।




### पंचपथ पारा के सामने खोद डाली सड़क, लाइन बिछाकर जोड़ना भूल गए

ब्राम्हणपारा वार्ड में 1 माह से जल संकट से जूझ रहे लोग इन दिनों पंचपथ पारा के मुख्य मार्ग की सड़क खोदने से परेशान हैं। पाइप लाइन फाल्ट दूंढने 3 दिन से पूरी सड़क खोद दी गई है। इससे लोगों को घूमकर आना-जाना करना पड़ रहा है। अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद भी लोगों के घरों में प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। पार्षद सरिता-आकाश दुबे का कहना है, आमापारा से लाखेनगर चौक तक 5 जगहों पर अमृत मिशन वालों ने पाइप लाइन की समस्या जानने सड़क की खुदाई कराई। फिर सारथी चौक से पंचपथ पारा तक की सड़क खुदाई कर पता किया कि चूक कहां हुई। बाद में पता चला पंचपथ पारा के पास लाइन बिछाकर जोड़ना भूल गये। इसे अब दुरुस्त कर रहे हैं।

### समता कालोनी में जलभराव

जोन 7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित समता कालोनी के मुख्य मार्ग की सड़क पर पहली बारिश जलभराव की समस्या से लोग त्रस्त रहे। प्रगति कालेज से लेकर अग्रसेन चौक मार्ग तक नालियों का बदबूदार गंदा पानी पूरे वेग के साथ सड़क पर घंटों बहता रहा। इससे आवागमन में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वार्ड पार्षद अमर बंसल ने जलभराव की समस्या को लेकर मुख्य मार्ग पर भीगते हुए महापौर की कार्य प्रणाली को जमकर कोसा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजधानी की सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं। महापौर को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। विदित हो नगर निगम की सामान्य सभा समता कालोनी, चौबे कालोनी में जलभराव की समस्या को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। क्षेत्र के विधायक से लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री तक समता कालोनी में जलभराव रोकने कई बार गुहार लगाई गई। इसके बाद भी समस्या जस की तस है। पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा शहर की सड़कें बारिश से बदहाल हो गई हैं। पूरी गर्मी जनता पीने के पानी की समस्या के लिए परेशान रही, अब बारिश में सड़कों में जलभराव की स्थिति है।



### इंडोर स्टेडियम के सामने डिवाइडर के दोनों ओर भरा पानी

गरज-चमक के साथ हुई बारिश से बूढ़ापारा के दुर्गा मंदिर से श्याम टाकीज होते हुए इंडोर स्टेडियम और पुराने धरनास्थल वाली सड़क पर डिवाइडर के दोनों ओर घुटनाभर पानी भरने से राहगीर और दोपहिया चालक परेशान रहे। गाड़ी के इंजन में पानी भरने से वाहन बंद होने के कारण बारिश में भीगते हुए लोग गाड़ी को खींचते हुए गंतव्य तक पहुंचने मशक्कत करते दिखे।

# हड़ताल के बाद 350 प्रीपैड ऑटो को स्टेशन में मिली एंट्री फ्री, ठेकेदार ने रेलवे से मांगा लिखित में पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रेलवे स्टेशन में पार्किंग को लेकर विवाद अभी तक खत्म नहीं हुआ है। आम यात्री के बाद अब प्रीपैड बूथ के ऑटो चालक पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ सुबह हड़ताल पर चले गए। बूथ के 300 से अधिक ऑटो के पहिए दोपहर तक थमे रहे, जब तक रेलवे अधिकारियों से बातचीत नहीं हो गई। पार्किंग ठेकेदार ने प्रीपैड बूथ के ऑटो चालकों से प्रति ऑटो 20 रुपए लेना शुरू कर दिया था, जिसके विरोध में गुरुवार को स्टेशन परिसर में जमकर विरोध किया। पार्किंग ठेकेदार का कहना है कि रेलवे के नियमानुसार बूथ के ऑटो चालकों से शुल्क लेने का अधिकार है, जबकि ऑटो यूनियन का कहना है कि मंडल में पूर्व उच्च अधिकारियों ने बूथ के ऑटो को स्टेशन में प्रवेश फ्री किया था, अब अचानक शुल्क किस वजह से लिया जा रहा है। दोपहर तक चली हड़ताल से ▸▸ शेष पेज 15 पर

- पार्किंग ठेकेदार द्वारा स्टेशन में पार्किंग शुल्क वसूलने पर प्रीपैड बूथ के ऑटो चालकों ने की हड़ताल

### नो पार्किंग में कार को छूट

स्टेशन के नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर ठेकेदार के कर्मचारी की मौजूदगी में आरपीएफ गाड़ियों में लॉक लगाकर कार्रवाई कर रही है। नो पार्किंग में कार में लॉक नहीं लगाया जा रहा है। बाइक में लॉक लगाकर शुल्क वसूल रहे हैं। स्टेशन में सहायता बूथ से यात्रियों की ओर से शिकायत आनी कम हुई है।

### इधर यूनियन हर दिन ऑटो चालकों से वसूल रहा 30 रुपए

प्रीपैड ऑटो यूनियन एक तरफ ठेकेदार द्वारा 20 रुपए वसूलने से परेशान है, तो वहीं यूनियन हर दिन अपने 300 से अधिक ऑटो चालकों से 30 रुपए मेंटेनेंस के नाम पर वसूल रहा है। बूथ के अध्यक्ष राजेश स्वामी का कहना है कि यूनियन को चलाने और मेंटेनेंस खर्च के लिए यह शुल्क लिया जाता है, जबकि प्रीपैड ऑटो बूथ का संचालन नियमानुसार ट्रैफिक पुलिस के अधीन है, लेकिन इसका संचालन वर्षों से ऑटो यूनियन द्वारा किया जा रहा है। हर दिन 30 रुपए वसूलने से यूनियन के ऑटो चालक भी खुश नहीं हैं। यूनियन की ओर से 300 ऑटो चालकों से 9 हजार तक पैसा वसूला जाता है।

# लोक आयोग कार्यालय में आग से हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में नगर निगम बिल्डिंग के सामने गुरुवार दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब लोक आयोग कार्यालय में आग लगने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आगजनी की घटना में आयोग का एक प्रिंटर जलने की बात सामने आ रही है।

पुलिस के मुताबिक लोक आयोग कार्यालय में आग लगने की सूचना मिलने पर आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस टीम पहुंच गई। लोक आयोग में काम करने वाले कर्मचारियों ने एक कमरे से धुंआ उठते देख अफसरों को सूचना देने के बाद फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। कमरे के अंदर धुंआ भर गया था, इस वजह से लोग अंदर जा नहीं पा रहे थे। अफसरों के अनुसार आगजनी की ▸▸ शेष पेज 15 पर

- शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका

# मौदहापारा की संकरी सड़क पर 2 घंटे चला बुलडोजर, 15 से ज्यादा कब्जे साफ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा गुरुवार सुबह मौदहापारा कब्रस्तान रोड पर पहुंचे। केके रोड से गुरुनानक चौक तक जाने वाली बायपास सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि कब्जों की वजह से सड़क काफी संकरी हो गई है। इससे दिनभर जाम के हालात बन रहे हैं। उनके निरीक्षण के 2 घंटे बाद दलबल के साथ निगम अमला स्पॉट पर पहुंचा और 15 अवैध कब्जे को साफ कर 20 गाड़ियों में कबाड़ और कचरे को वहां से हटाया। तोड़दस्ता टीम ने इस दौरान स्थल पर मुस्तैदी से कार्रवाई की। केके रोड पर मौदहापारा के दोनों कब्रस्तान के बीच से होकर गुरुनानक ▸▸ शेष पेज 15 पर

- 20 गाड़ियों में भरकर कचरा, मटेरियल उठवाया
- अवैध कब्जों की वजह से सड़क हो गई थी संकरी

### 20 डंपर मलबा कब्रस्तान की दीवार से सटकर अवैध कब्जे

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश और जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के निर्देश पर पर जोन 2 की टीम इस बायपास रोड पर पहुंची। टीम में जोन के कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, उप अभियंता पीडी धृतलहरे, कृष्णा राठी शामिल रहे। सड़क के दोनों ओर कब्रस्तान की दीवारों से सटकर 15 लोगों ने अवैध कब्जा कर सामान सड़क पर फैला रखा था। अचंभे की बात ये रही कि नगर निगम की इस कार्रवाई का कब्जेधारियों ने विरोध नहीं किया। कुछ देर रुकने के बाद बुलडोजर चलने लगा और एक-एक कर 15 बेजा कब्जा हटा दिये गये। यही नहीं, गुरुनानक चौक और कब्रस्तान के अंतिम छोर तक फैला कचरा भी हाथों-हाथ हटाया गया। निगम आयुक्त ने कहा है कि जहां से भी कब्जे हटाये जा रहे हैं, निगम की टीम वहां निरीक्षण करती रहेगी। दोबारा कब्जा मिले, तो सामान जब्त कर नियम अनुसार तगड़ा जुर्माना किया जायेगा।

# 10 किलो गांजा जब्त, अंतर्राजीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अंतर्राज्यीय तस्कर के कब्जे से एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 10 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी के आरोप में उत्तरप्रदेश प्रतापपुर निवासी संतोष कुमार पटेल उर्फ कुतुम के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। संतोष भाठागांव ओवरब्रिज के पास गांजा ले जाने



वाहन का इंतजार कर रहा था, तब पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**आरंग।** आरंग–सराईपाली मार्ग पर दुर्घटना में बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंधी मोड़ के पास दिव्या राइस मिल के सामने नदी चौंक की और जा रही ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दिया, जिससे बाइक सवार 30 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक फरार हो गया है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। उन्होंने बताया युवक के जेब से मिले आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त कर सम्बंधित थाना के माध्यम से युवक के परिजनों को सुचना दे दी गई है। मृतक युवक नरेंद्र कुमार बघेल ग्राम सुरेगांव जिला बालोद का निवासी है। एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

### जनसुनावई में अदानी एनर्जी के प्रस्ताव का सशर्त स्वागत

**तिल्दा नेवरा।** राजकुमार सिंह ठाकुर पूर्व सेवक ग्राम पंचायत चिचोली और भाजपा किसान मोर्चा के जिला कोषाधयक्ष रायपुर ग्रामीण व निर्वाचित सचिव छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा रायपुर उत्तर ने 22 जून को अदानी एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्तावित लोक जनसुनवाई का स्वागत है। उक्त कंपनी पहले से ही संचालित हैं तथा क्षमता विस्तार यूनिट 2 के लिए लोक सुनवाई हो रहा है, सभी प्रभावित गांव चिचोली, गौरखेड़ा ,गैतरा, रायखेड़ा, सोनतरा,ताराशिव सहित आसपास के मुरा, धनसुली, बंगोली ,कुर्रा आदि गांव के70% स्थानीय युवा बेरोजगारों को भी योग्यता अनुसार नौकरी मिलना चाहिए। युवाओ,महिलाओं को अदानी पावर लिमिटेड नौकरी की गारंटी हो, शासन के नियमानुसार कंपनी संचालित हो, साथ ही मजदूरों, किसानों को विशेष प्राथमिकता दिया जाए तो हम पूरा क्षेत्रवासी उक्त कंपनी का समर्थन करते हैं।

### सिलयारी क्षेत्र में लगातार चोरियों से लोगों में दहशत

**सिलयारी।** ग्राम पथरी सहित आसपास के अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की समस्या थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण व किसानो व्दारा बताया जा रहा है कि चोरी की घटना विगत 6 माह से चल रहा है बरतोरी खार,मंगसा,पवनी पथरी में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है चोरी सर्विस केबल को निकालने के लिए बोरवेल को बाहर खिंचकर केबल काट कर चोरी कर रहे हैं दो दिन पूर्व पथरी खार में एक ही दिन आठ किसानो का बोरवेल केबल की चोरी हुआं है। जो किसानों के पास बोरवेल है वह खेतों में धानका बोवाई कर रहे कुछ तो रोपाई के लिए धान की बीज डाल दिये है। लेकिन लगातार हो रही चोरी से खेतों में पानी नहीं मिल पा रही हैं किसानों को काफी नुक़सान उठाना पड़ रहा है।

# सब्जियों के दाम बढ़े, बिगड़ा रसोई का बजट, टमाटर साठ रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

स्थानीय ग्रामीण किसानों की सब्जी बाड़ी से आवक कमजोर होने और अन्य प्रांतों से भी आवक कम होने तथा सब्जी में मालभाड़ा जुड़ने से टमाटर सहित अन्य सब्जियों का दाम बढ़ने लगा है। आगे भी बढ़ने की संभावना बताया जा रहा है।

गृहणियों के द्वारा सब्जी में टमाटर के बढ़े हुए दाम को देखते हुए सब्जी में टमाटर का उपयोग कम करने लगी है। थोक सब्जी विक्रेता दीपक जलक्षत्री ने बताया कि स्थानीय व ग्रामीण किसान द्वारा उजाड़ हुए बाड़ी में धान का फसल की तैयारी कर रहे है। कुछ किसान नई सब्जी लगाने में जुट गए है। थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष बिट्ठल साहु ने बताया कि अन्य प्रांतों के साथ ही स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी के आवक कमजोर होने से सब्जियों के दाम में वृद्धि होना स्वाभाविक है।

यह स्थिति आगे भी रहने वाला है। थोक सब्जी विक्रेता मोहन सोनकर ने बताया मांग अधिक और आपूर्ति कम होने से सब्जियों के दाम वृद्धि होना लाजमी है। कुछ दिनों के बाद विवाह का मुहूर्त भी है। उस समय तक भी सब्जियों के दाम कम होने की संभावना नहीं दिखाई दे रहा है। थोक मार्केट में स्थानीय चिल्हर सब्जी विक्रेता सब्जी खरीदकर आरंग शहर में बेचते है तथा ग्रामीण क्षेत्र के कोचिए भी यहां से सब्जी खरीदकर गांव गांव में विक्रय करते हैं।

## टमाटर की बढ़ी कीमतों से सब्जी में लगा महंगाई का तड़का

### चिल्हर में सब्जी के दाम

शहर और गांव के ग्राहकों को चिल्हर में प्रति किलो 40 रुपए भिंडी, मूली, भाटा, कुदरू, प्रति किलो 60 रुपए टमाटर, अरबी (कोचई), कुंदरु, परवर, बरबट्टी 80 रुपए, करेला 120 रुपए, सिमला मिर्च 160 रुपए और कम दाम वाले सब्जी में 20 रुपए प्रति किलो में लौकी, मखना और बंधी है। सभी भाजी प्रति किलो 30 रुपए में गुरुवार को बेचा जा रहा है।



### थोक मार्केट में सब्जी के दाम

थोक मार्केट में सुबह–सुबह सब्जी के दाम प्रति किलो मुनगा 120 रुपए, कोचई अरबी 40 रुपए, परवल 40 रुपए, मिर्ची 80 रुपए, अदरक 160 रुपए, खीरा 30 रुपए, बंधी 25 रुपए, प्याज 35 रुपए, बरबट्टी 60 रुपए, भाटा 30 रुपए, टमाटर 1000 से 1200 रुपए कैरेट (प्रति किलो 60 रुपए), गोभी 45 रुपए, शिमला मिर्च 100 रुपए, धनिया 130 रुपए, लौकी 30 रुपए, भाजी 30 रुपए, डोरका 20 रुपए, भिंडी 30 रुपए, आलू 30 रुपए में बेचा गया।

**अपराध :** अंचल में चोरी की वारदात में इजाफा, लोगों में दहशत, पुलिस कार्रवाई नाकाफी

# बंद फैक्ट्री में चोरों का फिर धावा, लाखों की प्लाई पार, पुलिस विवेचना में अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

शहर के लेकर गांव तक चोर लाखों के गहने व नगद पार कर चुके हैं। इनमें तीन ज्वेलर्स में लाखों के सामान चोरी हुए है जिसका अब तक खुलासा नही हो पाया है तो दूसरी ओर थाना से कुछ ही दूरी पर एक बन्द फैक्ट्री में अब तक सात बार चोरी हो चुकी है जिसमे भी लाखों के सामान चोरो ने उड़ा लिए है धरसींवा में चोरी का औसत देखा जाए तो हर दिन चार चोरी की वारदात रोजना घटित हो रहीं हैं। चोरी की बढ़ती वारदात के बीच पुलिस शिकायत दर्ज करने के बाद चोरों को पकड़ने अपने स्तर पर प्रयास कहि पर भी दिखाई नही पड़ती और पुलिस चोरी के मामलों में खास सफलता हासिल नहीं कर पा रही है। छोटी छोटी चोरी के मामले में पुलिस ने जरूर खुलासा किया है लेकिन बड़ी चोरी की वारदातों को सुलझाने में पुलिस के हाथ पैर फूल रहे हैं। जिले में शासकीय अधिकारी से लेकर व्यापारी तक के घर में चोरों ने लाखो का माल पार कर दिया। ।

- दर्जनों चोरियों का अब–तक नहीं मिला सुराग




### कानून व्यवस्था लचर, जनता परेशान : दिनेश अग्रवाल

धरसींवा भाजपा मंडल के कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने धरसींवा पुलिस के साथ चोरी के मामले को लेकर कहा कि स्थानीय पुलिस की पेट्रोलिंग और जांच प्रणाली पूर्ण रूप से फिसड्डी साबित हो रही है। मुख्यालय से लेकर गांव तक चोरों की ओर से ताबड़ तोड़ घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। कहीं सेंधमारी कर लोग अपने मंसूबे पर सफल हो रहे हैं, तो कहीं ताला तोड़ घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। खासकर पिछले चार माह के बीच चोरी घटनाओं के ग्राफ ने भारी उछाल मारा है। जिससे लोगों में भारी दहशत है। बढ़ती चोरी के बीच लोग अब रात क्या दिन में भी खाली नहीं छोड़ना नहीं चाहते है।

### लाखों की प्लाई की चोरी

*मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा के मुख्यमार्ग पर से लगे दिनेश अग्रवाल की एक बन्द फैक्ट्री है जंहा चोरो नो अब तक दर्जन भर बार चोरी को अंजाम दिया है पर पुलिस को अब तक कोई सफलता हासिल नही हो पाया है। गुरुवार को एक बार फिर श्री अग्रवाल की बन्द फैक्ट्री में लाखों रुपये के प्लाई सहित अन्य सामान ले उड़े जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।*

### चोरियों का नहीं मिला सुराग

*धरसींवा से लगे हुए साई सदन के पास रहने वाले एक नायक परिवार के घर सुने मकान में घुस कर छह माह पूर्व लाखो के सामान पार कर लिए जो अब तक नही सुलझा। पखवाड़े भर पहले तीन ज्वेलर्स दुकानों में पांच लाख की चोरी हुई है जिसका अब तक कोई सुराग नही मिला है।दो माह पूर्व चरोदा में एक ज्वेलर्स की दुकान पर चोरो ने असफल प्रयास किये जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया पर अब तक कोई सफलता नहीं मिली। वही थाना से चंद कदम की दूरी पर बन्द फैक्ट्री में दर्जन भर बार चोरी हुई है जिसका अब तक कोई सुराग नही।*

### जल्द होगा पर्दाफाश

*थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने कहा कि चोरी की घटनाओं पर लगाम कसने लगातार पुलिस गश्त कर रही है कुछ घटनाओं की बारीकी से जांच चल रही है। जल्द ही चोरो का बड़ा पर्दाफाश होगा।*

# देव प्रतिमाएं की गई खंडित क्रांति सेना ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

समीपस्थ क्षेत्र के ग्रामो मे लगातार हिन्दू धर्म के आस्था पर प्रहार करने का निरंतर प्रयास अज्ञात सामाजिक तत्वो के द्वारा किया जा रहा है। जिसको लेकर 20 जून दिन गुरुवार को तिल्दा नेवरा खड के छत्तीसगढीया क्रांति सेना के युवाओं द्वारा क्षेत्र के ग्रामो मे देवताओं के प्रतिमाओं को खंडित करने का मामला देखा जा रहा है। जिसके लिए अज्ञात सामाजिक तत्वो का पतासाजी कर उनके उपर कार्रवाई करने को लेकर तिल्दानेवरा पुलिस व तिल्दा नेवरा एस डी एम को सौंपा ज्ञापन।

बता दे कि छत्तीसगढ़ मे इस तरह की बहुत से मामला है। जो कि हिन्दू धर्म के आस्था व विश्वास को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। वही इस कुटील व विच्छीप्तपूर्ण कार्य से जो की किसी अज्ञात, सरफिरा, पागलपन के शिकार व्यक्तियों के जैसा किया गया काम लगता है। जिससे आहत हो कर समाजो मे अलगाव व विवाद की संभावना बढने लगती है।

पुलिस को इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। वही जहां तक ग्राम पंचायतों की अयसी घटना की बात है। तो इस पर पुलिस से ज्यादा पंचायत व ग्रामीण की महती भूमिका होनी चाहिए। तभी इस तरह के कृत्य को रोका जा सकता है। न की आरोप प्रत्यारोपो से।

देवताओं के मूर्ति खंडन मामले की जांच व इस कार्यो को रोकनेकी मांगो को लेकर ज्ञापन सौपने के अवसर पर छत्तीसगढीया क्रांति सेना के तिल्दा-नेवरा खड के पदाधिकारियों मे महेश कुमार साहू, तेजराम देवांगन,चंद्रशेखर कश्यप,प्रदीप कुमार साहू, अविनाश साहू , दीपक वर्मा ,गुहान वर्मा , हेमंत के साथ बहुत से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति व सहयोग रही।

# समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों में आएगी खुशहाली : लक्ष्मी बघेल

**तिल्दा नेवरा।** केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नित मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए खरीफ मौसम के 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। इसमें धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 117 रुपए की वृद्धि की गई है ।जिससे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लगभग 25 लाख से भी अधिक किसानों को लाभ मिल पाएगा । भाजपा नेत्री एवं पूर्व विधायक बलौदा बाजार श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने सरकार गठन के एक दिन बाद अपने पहले फैसले के तहत पीएम किसान सम्मान निधि की तीन लाख करोड रुपए से ज्यादा राशि जारी की थी । छत्तीसगढ़ में कृषक उन्नति योजना संचालित होने के कारण किसानों को 917 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ मिलेगा ।जिसमें मोटे धान की खरीदी 3217 रुपए व पतले धान की 3237 रुपए प्रति क्विंटल के दर से होगी। यहां बताना लाजमी है कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने जारी वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड 145 लाख टन की खरीदी की है। जिससे किसानों को 28 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान भी किया गया है। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने आगे बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य वह निर्धारित मूल्य होता है जो किसानों को उनकी उपज की लागत की तुलना में डेढ़ गुना ज्यादा होता है ।वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में 23 फसलों को शामिल किया गया है। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने किसानों के हित से लिए गए इस निर्णय पर खुशी व्यक्त की है ।तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किए हैं, साथ ही साथ



# उल्लास कार्यक्रम में असाक्षरों के चिन्हांकन पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

20 जून को बी आर सी सी सभा कक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 2024-25 के लिए शिक्षार्थी और अनुदेशक चिन्हांकन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के ग्राम प्रभारी, संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य उपस्थित हुए। ब्लॉक नोडल भागीरथी पान्से द्वारा बताया गया कि 15 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के असाक्षरों का चिन्हांकन कैसे किया जाना है? शासन की महती योजना जिसका उद्देश्य एक भी असाक्षर न बचे इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना है।अनुदेशक जो गाँव/शहर का पढ़ा लिखा व्यक्ति, सेवानिवृत्त कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, हाई/हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थी आदि कोई भी हो सकता है का चयन किया जाना है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरेजी ने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने कर कहा कि यदि दसवी/ बारहवी के विद्यार्थी यदि दस असाक्षर को पढ़ाकर परीक्षा में सफल बनाता है तो उन्हें माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दस अंक बोनस के रूप में प्रदान किया जाएगा।विकासखंड स्रोत समन्वयक संतोष कुमार शर्मा ने सभी को कार्यक्रम की सफलता हेतु आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी उल्लास एप डाउनलोड कर एन्ट्री काम 30/06/24 तक पूर्ण कर विकासखंड का नाम रोशन करें। बैठक में कन्या शाला नेवरा, टंडवा,सरोरा,किरना,निनवा, तरपोंगी, सासाहोली के प्राचार्य संकुल समन्वयक और संबंधित संकुल के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक उपस्थित रहे। उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए नारा लेखन कर वातावरण निर्माण करने कहा गया।

# अडानी के प्रस्ताव को विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**धरसींवा।** एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष देवेन्द्र खेलवार ने गुरुवार को अपने एनएसयूआई के साथियों के साथ 22 जून को होने वाले रायखेड़ा स्थित अडानी प्राइवेट लिमिटेड उद्योग के विस्तारीकरण के विरोध में पाँच सूत्रीय माँग के साथ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड रायपुर में ज्ञापन सौंपा।

देवेन्द्र खेलवार ने कहा की जीएमआर उद्योग जो अभी अडानी प्राइवेट लिमिटेड के नाम में परिवर्तित हो गई है इस उद्योग ने जिन लोगो के जमीन को अधिकृत की है उन्हें उचित मुआवज़ा नहीं मिल पाया है और उद्योग में ना ही स्थानीय लोगों को स्थायी नौकरी मिला है।यदि अडानी प्राइवेट लिमिटेड अपने उद्योग का विस्तारीकरण चाहती है तो सर्वप्रथम उन्हें हमारी पाँच सूत्रीय माँगो को पूरा करना होगा ।

### इन मांगों पर सौपे ज्ञापन



स्थानीय लोगों को उद्योग में स्थायी नौकरी दिया जाये(पीएफ एवं इएसआई सहित),.सालाना उद्योग के आसपास के गाँवो में वृक्षारोपण कर सौंदर्यीकरण करे ब्लॉक मुख्यालय तिल्दा,खरोरा एवं धरसीवा में 5-5 एम्बुलेंस की सुविधा,ब्लॉक मुख्यालय तिल्दा,खरोरा एवं धरसीवा में यूपीएससी,सीजीपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर की सुविधा। .उद्योग के 15 किमी के दायरे में आने वाले गाँवो की मूलभूत विकास कार्य की सुविधा,इन माँग को यदि अडानी प्राइवेट लिमिटेड पूरा करती है तभी उसका समर्थन किया जाएगा अन्यथा इस उद्योग के विस्तारीकरण के ख़िलाफ़ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

# बिजली कटौती से नगरवासी परेशान



**आरंग।** पड़ रही गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है और रात की नींद हराम है। वहीं अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की समस्याओं को और भी बढ़ा दिया है। आरंग के वार्ड क्रमांक 14 महामाया तालाब पारा, सतनामी पारा मे आये दिन बिजली की समस्या रहती है। थोड़ा सा आंधी तूफान हुआ की बिजली एक से दो घण्टा के बाद ही आना है, ये जब तक बिजली विभाग के कर्मचारी को सूचित नही करते तब तक बिजली का आना असंभव बना रहता है। जिससे परेशान होकर मोहल्लेवासी स्वयं बिजली ऑफिस पहुंचे और ज्ञापन सौंप कर तत्काल निराकरण कर बिजली दुरुस्त करते हुए नया ट्रांसफार्मर एवं केबल तार लगाए जाने की मांग की, जिससे पर्याप्त लोड ले सके। साथ ही बरसात के पुर्व वार्ड मे बिजली मेंटेनेस किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ड के समस्त महिला, पुरुष, नागरिकगण उपस्थित थे।

# कुथरेल सहित आसपास मुरुम की अवैध खुदाई

**सिलयारी।** अवैध मुरुम खनन कुथरेल सहित आसपास के गांव में बेखौफ होकर चल रहे है गांव के कुछ भू माफिया के व्दारा अवैध कब्जा एवं चारागाह जैसे भूमि को भी नहीं छोड़ रहे हैं कुछ बोले भाले किसानों को खेत बनाने के नाम से ट्रेडर्स वाले अपनों कारोबार फैला हुआ है।बिना रियाल्टी ,न ग्राम पंचायत के अनुमति के बिना अवैध मुरुम खनन जोरों से चल रहा है यह खनन रात्रि कालीन में किया जाता है ताकि किसी भी अधिकारी को सुचना न दे सके।और रात्रि अधिकारी नहीं आ सकते जिसकी पूरा फैयदा उठा रहे हैं भू-माफिया लोगो का कार्यवाही नहीं होने से हौसले बुलंद हैं। रोजाना राजस्व विभाग को लाखों का नुक़सान हो रहा है।जो भू माफिया व जेसीबी मशीन के मालिक हैं रातों रात हजारों रूपये कमा रहे हैं।

# योग दिवस आज, लोग उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



गुरुवार को जनपद पंचायत सभागृह में सभी ग्राम सचिव एवं सरपंचों की बैठक अनुविभागीय अधिकारी आरंग पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन में आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने सभी से आह्वान किया की 21 जून को प्रातः सभी ग्रामों में कुशल प्रशिक्षको के माध्यम से योग करके निरोग रहने की दिशा में जागरूकता का संदेश दे। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताया वही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे ने कहा की यह हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करके समूचे विश्व को स्वस्थ जीवन शैली की ओर मोड़ दिया।

इस अवसर पर सभी योग दिवस मनाने संकल्पित हुवे ज्ञात हो की ग्राम पंचायतो के अमृत सरोवर एवं सभी ग्राम पंचायतों के साथ ही मुख्यालय कार्यक्रम प्रातः 6 बजे अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रायोजित है। इस अवसर पर बीएमओ विजयलक्ष्मी अनंत, महेश चंद्राकर, छत्रधारी सोनकर, शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव की भी उपस्थित रही।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 20.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती प्रेममणि पटेल, दिनदयाल, फिनू पिता/पति श्री स्व. दयादान दोनो पि. स्व. दयादान निवासी जोरा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं. रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 71/3 रकबा 0.0270 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार अतिरिक्त/ नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10.06.2024 के परिपालन में दिनांक 27.06.2024 को समय 12.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 66 के ग्राम जोरा स्थित पटवारी कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर-09



## खबर संक्षेप

### रेत की रायल्टी से अधिक राशि मिली नीलामी के आवेदन शुल्क से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रेत खदानों से मिलने वाले राजस्व में सरकार को रायल्टी के रूप में 2023-24 में 7 करोड़ 16 लाख रुपए मिले, लेकिन इससे अधिक राशि रेत खदानों की नीलामी के लिए आवेदन शुल्क से मिली है। यह राशि 11 करोड़ 80 लाख रुपए मिली। खनिज विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 में अप्रैल तक की स्थिति में सरकार को रायल्टी के रूप में 7 करोड़ 16 लाख रुपए मिले। नीलामी की राशि 7 करोड़ 84 लाख, डीएमएफ की राशि 7 करोड़ 16 लाख, नीलामी से प्राप्त आवेदन शुल्क के रूप में 11 करोड़ 80 लाख रुपए मिले। इस तरह कुल 33 करोड़ 96 लाख रुपए का राजस्व मिला। 2022-23 में यही राशि 41 करोड़ 30 लाख, 2021-22 में 32करोड़ 12 लाख, 2020-21 में 41 करोड़ 89 लाख, 2019-20 में 26 करोड़ 65 लाख रुपए मिले थे।

### धान उपार्जन पर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक

**रायपुर।** आगामी विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक हुई। इस अवसर



पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी की समीक्षा की गई। मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में धान उपार्जन के लिए बारदाने की व्यवस्था और किसान पंजीयन खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में खाद्य विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस., कृषि विभाग की सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, सचिव राजस्व अविनाश चंपावत, सचिव सहकारिता सीआर प्रसन्ना, विशेष सचिव खाद्य केडी कुंजाम, प्रबंध संचालक मार्कफेड रमेश शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नीट की गड़बड़ी के खिलाफ कांग्रेस का धरना आज

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देशानुसार नीट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं और एनडीए सरकार के खिलाफ कांग्रेस का शुक्रवार को प्रातः 11 बजे राजीव गांधी चौक, रायपुर में राज्यस्तरीय विशाल विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के 4 जून को एनईईटी-यूजी के परिणाम में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों के कारण परिणाम खराब हो गए हैं। कार्यप्रणाली का खुलासा किए बिना अनुग्रह अंक प्रदान करना संदेह पैदा करता है। बिहार, गुजरात और हरियाणा में की गई गिरफ्तारियों से संगठित भ्रष्टाचार स्पष्ट है। इससे भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न का पता चलता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन आरोपों की गंभीरता को उजागर करते हुए लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की मांग की है।

# चुनाव में हार की समीक्षा के बाद पीसीसी में होगा बड़ा फेरबदल

## हार की समीक्षा करने जल्द छत्तीसगढ़ आएंगे मोइली और चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। कमेटी के सदस्य जल्द राज्य का दौरा कर पीसीसी प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तथा अन्य पदाधिकारियों से हार के कारणों की जानकारी लेंगे। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आने वाले दिनों में पीसीसी में बड़े फेरबदल की संभावनाएं हैं।

राज्य में हार के कारणों की पड़ताल करने वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए कांग्रेसी नेता छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बात कर यह जानने का प्रयास करेंगे कि राज्य में कांग्रेस का प्रदर्शन चुनाव में इतना खराब कैसे रहा। यहां पर प्रचार के दौरान क्या माहौल रहा, इसे भी जानने का प्रयास होगा। विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के आधार पर सीट नहीं आने का लेकर मंथन कर हार के कारणों का पता लगाया जाएगा। पूरे मामले को लेकर कमेटी रिपोर्ट तैयार कर एआईसीसी को अवगत कराएगी, उसके आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल का निर्णय लिया जा सकता है।



### चुनाव के दौरान लगे थे आरोप-प्रत्यारोप

विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार सत्ता और संगठन के बीच समन्वय की कमी देखने को मिली थी। वहीं लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ में प्रत्याशी तय होने के बाद से पीसीसी के कई पदाधिकारियों द्वारा लगाए गए आरोप प्रत्यारोप और अन्य मामलों से यहां पर चुनाव कार्य में कार्यकर्ताओं की सक्रियता को बड़ा कारण बताया जाता है। यहां पर प्रत्याशी तय करने में बाहरी प्रत्याशियों और दुर्ग जिले से तीन प्रत्याशियों को अन्य जगहों से चुनाव लड़ाए जाने को भी हार का कारण बताया जा रहा है। राजनांदगांव, बिलासपुर, महासमुंद और जांजगीर के प्रत्याशियों को लेकर स्थानीय नेताओं ने मोर्चा खोला था।

### हट सकते हैं बैज

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के समय प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज थे। विधानसभा चुनाव के तीन माह पहले ही उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। विधानसभा चुनाव में वे खुद हार गए थे। उसके तीन माह बाद लोकसभा चुनाव में उनके बस्तर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी हार गई। बताया जाता है कि स्थनीय नेताओं और संगठन के बीच समन्वय बनाने में उनकी भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। ऐसे में कमेटी की समीक्षा के बाद पीसीसी अध्यक्ष पर पहले गाज गिर सकती है।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोषों की गिरफ्तारी एवं बढ़ते अपराध को लेकर गृहमंत्री निवास का घेराव

# पुलिस से भिड़ी एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस, घंटेभर होती रही झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार दोपहर यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस की पुलिस से घंटेभर झूमाझटकी होती रही। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी और लगातार बढ़ते आपराधिक मामले को लेकर एनएसयूआई और युवा कांग्रेस सहित महिला कांग्रेस गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव करने निकली थी। गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन से घेराव करने सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता निकले। इसके पहले ही पुलिस द्वारा बैरिकेड्स बनाकर सभी को रोक लिया गया। इस दौरान लगभग एक घंटे तक पुलिस की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झूमाझटकी होती रही। कालीबाड़ी महिला पुलिस थाने के पहले बैरिकेड्स लगाकर पुलिस द्वारा मार्ग अवरुद्ध किया गया था। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। कई को पुलिस घसीटते हुए लेकर गई। कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल भी पर्याप्त मात्रा में तैनात रहा। महिला पुलिस की भी तैनाती की गई थी। राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस आंदोलन का हिस्सा बने।

### कालीबाड़ी महिला पुलिस थाने के पहले ही रोका गया बैरिकेड लगाकर



### पुतला दहन, रोड पर बैठे कार्यकर्ता

पुलिस द्वारा रास्ता रोके जाने के बाद बैरिकेड के इस पास ही कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला दहन किया। वे रोड पर ही बैठकर नारेबाजी करते रहे। एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस ने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है। चाकूबाजी की घटनाएं आम हो चुकी हैं। थाना परिसर के अंदर भी चाकू चलाए जा रहे हैं। जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से कानून व्यवस्था लाचार दिखने लग गई है। पुलिस निर्दोष लोगों को जेल में डालने का कार्य कर रही है। इन सबकी जिम्मेदारी लेते हुए गृहमंत्री को इस्तीफा प्रदान कर देना चाहिए।

### परेशान हुए राहगीर

नगर निगम की ओर जाने वाला मार्ग दोपहर बाद तक बंद रहा। राहगीरों को इसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें गंतव्य तक पहुंचने लंबी दूरी तय करनी पड़ी। पुलिस संग खींचतान के दौरान कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें भी आईं। हालांकि प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज तथा अधिक बल प्रयोग से परहेज किया गया।

## केदार कश्यप ने कहा

# विष्णु के सुशासन में जनता के साथ विपक्ष भी खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से जनता और किसान बहुत खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक ट्विट का हवाला देते हुए श्री कश्यप ने कहा, जनता तो जनता, विपक्ष के नेता और कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने धान की खेती करते हुए बहुत हर्ष के साथ एक पोस्ट की है, जिसमें वह बहुत खुश दिख रहे हैं।



श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल को भी अब धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी और वह भी चार किस्तों में नहीं मिलेगी, बल्कि एकमुश्त मिलेगी। इसी प्रकार धान की खरीदी कांग्रेस की तरह 15 क्विंटल नहीं, बल्कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ की जा रही है। यही तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन है, जिसमें जनता के साथ विपक्ष के कांग्रेस के नेता यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भी प्रसन्न हैं। श्री कश्यप ने कहा, भूपेश बघेल ने बड़े हर्ष के साथ धान की खेती की तैयारियों का जायजा लिया है। ऐसा हो भी क्यों न, आखिरकार उन्हें भी पूरे 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत मिलेगी। अब कांग्रेस की सरकार तो चली गई और विष्णु के सुशासन में सब खुश हैं। श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ चाहे जितना अनर्गल प्रलाप करके प्रदेश में अपने राजनीतिक झूठ का रायता फैलाएं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार के किसान हित के फैसलों का लाभ श्री बघेल को भी उतना ही मिला है और आगे भी मिलेगा, जितना प्रदेश के किसानों के भाजपा की सरकार से मिला है और आगे भी मिलेगा।

### बैज बोले- किसानों से 3217 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदे सरकार



**रायपुर।** खरीफ सीजन के लिए घोषित समर्थन मूल्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धान के समर्थन मूल्य में मात्र 5 प्रतिशत की वृद्धि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। कृषि की लागत दिनों दिन बढ़ रही है। मजदूरी, खाद, बीज और कीटनाशकों की कीमत आसमान छू रही है। किसानों की आय दुगुनी करने का वायदा जुमला साबित हुआ। किसानों को उम्मीद थी कि मोदी किसानों से 2014 में किए गए अपने सी-2 फार्मूले पर लागत से 50 प्रतिशत लाभ के साथ एमएसपी देने के वादे पर अमल करेंगे, लेकिन तीसरे कार्यकाल में भी किसानों को निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने कहा, भाजपा के घोषणा पत्र में किये गये वायदे के अनुसार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर में इस वर्ष के एमएसपी की वृद्धि 117 रुपए को जोड़कर छत्तीसगढ़ के किसानों से 3217 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की घोषणा साय सरकार को तत्काल करना चाहिये।

# प्रदेश में मंत्री के दो पदों के लिए थोक में दावेदार

## अगले माह विधानसभा सत्र से पहले नए मंत्री बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार में अब दो मंत्रियों के पद खाली हो गए हैं। पहले से ही एक पद खाली था, अब बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद उनके मंत्री पद से भी इस्तीफा देने के बाद अब दो पद खाली हो गए हैं। इसके लिए थोक में भाजपा के विधायक दावेदार हैं। मंत्री पद पर नए चेहरों की भी नजरें हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व की मर्जी से ही मंत्री पद से विधायकों को नवाजा जाएगा। अगले माह से विधानसभा का मानसून सत्र होने वाला है, इस सत्र से पहले नए मंत्री तय होने की बात की जा रही है।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया तो उनके मंत्रिमंडल में एक पद छोड़कर बाकी मंत्री बना दिए गए। एक पद के लिए लंबे समय से इंतजार चल रहा है। इसको लेकर पहले ही दावेदार दौड़ और जुगाड़ लगा रहे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद अंततः विधायक पद के बाद मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया है। अब मंत्री के दो पद खाली हो गए हैं। इस पर नियुक्ति की तैयारी प्रारंभ हो गई है।



### नए-पुराने चेहरों का मिश्रण देखने को मिलेगा : नेताम

*प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने मंत्रिमंडल को लेकर कहा है, मंत्रिमंडल में किसी भी तरह का बदलाव मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। उन्होंने नए चेहरों को मौका देने के सवाल पर कहा, नए विधायकों को मौका मिलेगा, तभी तो वे सीनियर होंगे। मंत्रिमंडल में नए और पुराने चेहरों का मिश्रण देखने को मिलेगा।*

### ये हैं दावेदार

मंत्री के दो पदों के लिए थोक में दावेदार हैं। राजधानी रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का पद खाली होने के बाद रायपुर से ही एक मंत्री बनाए जाने की संभावना ज्यादा है। ऐसे में जहां पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत बड़े दावेदार हैं, वहीं रायपुर उत्तर के पुरंदर मिश्रा और रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के दावे को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। अगर राष्ट्रीय संगठन ने नए चेहरे को मौका देने का मन बनाया तो नए विधायक में से किसी की भी लाटरी लग सकती है। इसी तरह से एक और पद के लिए कई दावेदार हैं। इनमें बिलासपुर के विधायक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, बिल्हा के विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, कुरुद के विधायक अजय चंद्राकर, दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव, पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नाम प्रमुख हैं। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व कोई भी फैसला करने से पहले जातीय समीकरण भी देखेगा। इसके पहले भी मंत्रिमंडल में जातीय समीकरण को संतुलित किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय रायपुर, डिप्टी सीएम विजय दुर्ग, साव कोरबा में करेंगे योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने तय किया है कि कौन कहां रहेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जहां रायपुर के कार्यक्रम में रहेंगे, वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा दुर्ग और अरुण साव कोरबा के कार्यक्रम में शामिल होकर योग करेंगे।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव जगदलपुर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी रामू रोहरा एवं सह प्रभारी शंभू गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से आज से ठीक 10 वर्ष पहले यूएन में लगभग 200 देशों ने 21 जून



को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दी और आज प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से पूरा विश्व योगमय हो गया है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा के नेतृत्व में मंडल स्तर पर योग का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं मंडल स्तरीय टीम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के नेतृत्व में बन चुकी है। पूरे प्रदेश में श्री श्री रविशंकर का संस्थान द आर्ट ऑफ लिविंग एवं बाबा रामदेव का पतंजलि योग में सहयोग कर रहा है।

### कौन मंत्री कहां रहेंगे

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर में, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर, उपमुख्यमंत्री अरुण साव कोरबा तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। वन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े साइंस कॉलेज रायपुर, वित्त मंत्री ओपी चौधरी जांजगीर, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बिलासपुर, बृजमोहन अग्रवाल कांकेर में रहेंगे। इसी तरह से कोरिया में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुद में मंत्री दयालदास बघेल, कबीरधाम में मंत्री लखनलाल देवांगन, बलौदाबाजार में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, धमतरी में मंत्री टंकराम वर्मा, राजनांदगांव में सांसद संतोष पांडेय, सरगुजा में सांसद चिन्तामणी महाराज, जशपुर में सांसद राधेश्याम राठिया, सुकमा में सांसद महेश कश्यप, गरियाबंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चैधरी, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, बालोद में सांसद भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, रायगढ़ में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहित पूरे मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में योग दिवस के दिन योग कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने एक से अमित करेंगे आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदा बाजार की घटना को लेकर जेसीसीजे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के 1 जुलाई से आमरण अनशन की घोषणा के बाद सतनामी समाज एवं पार्टी से जुड़े लोगों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा, सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

निर्दोष लोगों को रिहा किए जाने और बलौदा बाजार का नाम बाबा गुरुघासीदास के नाम से करने के लिए बलौदाबाजार में न्याय के लिए आमरण अनशन करने का निर्णय लिया है। जोगी निवास सिविल लाइंस में बैठक कर श्री जोगी ने



कहा, सतनामी समाज के साथ बलौदा बाजार घटना कांड में अन्याय हुआ है। समाज के पवित्र स्थल अमर गुफा में जैतखंभ को क्षति पहुंचाई गई और लोकतांत्रिक तरीके से घटना के दोषियों की गिरफ्तारी के लिए आंदोलन करने पहुंचे समाज के बीच में घुसकर उपद्रवियों ने घटना को अंजाम दिया। समाज को बदनाम करने निर्दोष लोगों को ही गिरफ्तार कर जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और अनुसूचित जाति राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को संज्ञान लेने का आग्रह किया। बैठक में सतनामी समाज के बाबा गुरुगोसाई मनहरण दास, रीति देशलहरा, पार्टी महामंत्री महेश देवांगन, सागर सिंह बैंस, प्रवक्ता भगवानू नायक, मनोज बंजारे, रायपुर जिलाध्यक्ष संदीप यदु, सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 20.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती प्रेममणि पटेल, दिनदयाल, फिनू पिता/पति श्री स्व. दयादान दोनो पि. स्व. दयादान निवासी जोरा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं. रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 71/3 रकबा 0.0270 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार अतिरिक्त/ नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10.06.2024 के परिपालन में दिनांक 27.06.2024 को समय 12.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 66 के ग्राम जोरा स्थित पटवारी कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर-09**



# शराब कारोबारी सरकार के खिलाफ जा सकते हैं कोर्ट, इससे पहले लगाया गया कैविएट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब की थोक खरीदी के लिए लाइसेंसी-व्यवस्था को समाप्त करते हुए शराब निर्माताओं से सीधे शराब की खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। सरकार के इस निर्णय पर शराब कारोबारी कोर्ट जा सकते हैं, इसे देखते हुए आबकारी विभाग ने हाईकोर्ट में कैविएट दायर किया है। राज्य सरकार ने सीधे शराब निर्माताओं से शराब की थोक खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन को जिम्मेदारी दी है। कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद राज्य शासन की ओर से इस मामले में कोर्ट कैविएट दायर कर दिया है। फैसले पर शराब कारोबारी रोक लगाने कोर्ट का रुख कर सकते हैं। राज्य शासन का कहना है कि शराब के कारोबार को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। शराब खरीदी-बिक्री के प्रकरणों में कांग्रेस सरकार पर लगे भ्रष्टाचार और घोटालों के आरोपों की जांच शुरू कर दी थी। पिछली सरकार पर जिन घोटालों के गंभीर आरोप लगे थे, उनमें शराब घोटाला प्रमुख था। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने पिछली भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई आबकारी नीति में संशोधन कर एफएल-10 लाइसेंस का नियम बनाया और अपनी चहेती फर्मों को सप्लाई का जिम्मा दे दिया, इससे राज्य में जहां अवैध शराब, नकली शराब की बिक्री धड़ल्ले से होने लगी, वहीं नकली होलोग्राम, बोतलों की स्कैनिंग किए बिना घटिया शराब बेची गई। राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। राज्य सरकार ने शराब की खरीदी बिक्री को पारदर्शी बनाए रखने यह निर्णय लिया है।

## पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू

### कई कारोबारी इस काम में लगे थे

*छत्तीसगढ़ विदेशी शराब के कारोबार में कई कारोबारी लगे थे। सरकार के इस फैसले से उन्हें करोड़ों का नुकसान संभव है। ऐसे में उन कारोबारियों द्वारा मामले को कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। मामले में याचिका स्वीकार करने से पूर्व सरकार का पक्ष सुना जाए, उसे लेकर कैविएट लगाया गया है। नए वित्तीय वर्ष के बाद शराब के कारोबार में विदेशी शराब की सप्लाई ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से लाइसेंसी कारोबारियों से खरीद कर की जा रही थी। कई ब्रांड नहीं मिल रहे थे। वही ब्रांड भी उपलब्ध होता था, जो लाइसेंसी द्वारा सप्लाई की जा रही थी।*



### पुरानी व्यवस्था फिर लागू

*विदेशी शराब की खरीदी के लिए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की पुरानी व्यवस्था को फिर से लागू कर दिया गया है। इसके तहत विदेशी शराब की खरीदी एजेंसी द्वारा की जाएगी और उसी की आपूर्ति शराब कांउटरों पर की जाएगी। उपभोक्ताओं को इससे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद के साथ अपनी पसंद के ब्रांड के उत्पाद उपलब्ध होंगे।*

## खबर संक्षेप

### स्टेट बैंक कॉलोनी में योग शिविर आज

**रायपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शुभम शिक्षण कला संस्थान द्वारा एक दिवसीय 21 जून को योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर साईं उद्यान टैगोर नगर स्थित स्टेट बैंक कॉलोनी में शाम 6 बजे लगाया जाएगा। यह जानकारी संस्थान की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने देते हुए बताया कि शिविर में अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु राहुल दास एवं उनके शिष्यों द्वारा विभिन्न विषय पर योग के माध्यम से निरोग रहने का जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में अधिकाधिक लोग शामिल होंगे।

### कमल विहार में निशुल्क योग ध्यान शिविर 23 को

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परम जीवनम योग, ध्यान और आत्मबोध केंद्र सेक्टर-4 कमल विहार द्वारा 23 जून को रायपुर केंद्र में योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य के ख्यातिप्राप्त चिकित्सा विशेषज्ञ और योग तथा आध्यात्म से जुड़े लोग अपना अनुभव साझा करते हुए लोगों का मार्गदर्शन करेंगे। योगाचार्य चूड़ामणि एवं अजंता चौधरी द्वारा विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन और योग के दैनिक जीवन में महत्व के साथ-साथ चेयर योगा पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कैंसर गोष्ठी कार्यक्रम में सर्वाइकल और प्रोस्टेट कैंसर पर डॉ. पुष्पावती ठाकुर और डॉ. वरुण शर्मा द्वारा रोग के कारण, निदान, उपचार, रोकथाम और बचाव से लोगों को अवगत कराया जाएगा। परम जीवन फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. एचपी सिन्हा ने बताया कि डॉ. मनीषा बी. सिन्हा के साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक दीपक व्यास और टीम द्वारा संगीतमय भजन श्रृंखला का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी और निशुल्क पंजीयन के लिए परम जीवनम केंद्र कमल विहार में संपर्क कर सकते हैं।

### साइंस कालेज ग्राउंड पर भव्य योग महोत्सव आज

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर आर्ट ऑफ लिविंग संगठन सहित कई अन्य प्रतिष्ठित योग संस्थाओं द्वारा भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जीई रोड स्थित साइंस ग्राउंड में 21 जून को सुबह 6.30 बजे से प्रारंभ होगा। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में योग प्रोटोकॉल में गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर द्वारा दी गई 20 मिनट की विशेष तकनीक 'पद्मसाधना' भी सिखाई जाएगी। इस राज्य स्तरीय आयोजन में हजारों लोग योगाभ्यास के लिए एकत्रित हो रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। साथ ही साइंस ग्राउंड में आयोजित इस विशाल योग महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को एक टी-शर्ट भी भेंट की जाएगी। यह कार्यक्रम भिलाई, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, दंतेवाड़ा, जशपुर और सरगुजा सहित राज्य के कई अन्य जिलों में भी जिला प्रशासन के सहयोग से योग दिवस पर आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में लगभग 30 हजार लोग शामिल होंगे।

## 40 लाख लीटर भूजल होगा संरक्षित, निमोरा एसटीपी से 3 एमएलडी और कारा से 1 एमएलडी उपचारित पानी

# नालों का उपचारित पानी बेचकर हर साल 84 लाख कमाएगा निगम, 15 साल के लिए एग्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम अब नालों से सीवरेज का पानी उपचारित कर ग्राउंड वाटर लेबल को दुरुस्त करने में लगा है। यही नहीं, उपचारित पानी को औद्योगिक इकाइयां अपने प्लांट में उपयोग के लिए खरीदने आगे आ रही हैं। हीरा ग्रुप की इकाई आलोक फेरो एलायज लिमिटेड ने नगर निगम से 40 लाख लीटर उपचारित पानी प्रतिदिन की डिमांड के साथ नगर निगम से 15 साल के लिए एमओयू किया। इससे नगर निगम को अनुबंधित कंपनी से हर साल 84 लाख रुपए का राजस्व मिलेगा। साथ ही भूजल के रूप में 40 लाख लीटर पानी की बचत भी होगी। निमोरा के एसटीपी से 3 एमएलडी और कारा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से 1 एमएलडी पानी की डिमांड पूरी होगी। खारुन नदी में मिलने वाले 17 बड़े नाला-नालियों के गंदा पानी को उपचारित करने अमृत मिशन के तहत तीन जगहों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट से निमोरा में 90 एमएलडी कारा में 35 एमएलडी और चंदनीडीह में 75 एमएलडी पानी को उपचारित कर दोबारा उपयोग करने लायक बनाकर नदी में छोड़ा जा रहा है, ताकि नदी के जलस्तर में वृद्धि हो और खारुन को दूषित होने से बचाया जा सके।

### ये खरीद रहीं उपचारित पानी

- मां कुंडलगढ़ी इस्पाल लिमिटेड 2 एमएलडी यानी 20 लाख लीटर पानी प्रतिदिन
- बृजेश स्टील 7 एमएलडी 70 लाख लीटर पानी प्रतिदिन

इसके अलावा तिल्दा में स्थित अडानी ग्रुप की कंपनियां को भी उपचारित पानी बेचने पर चर्चा चल रही है। कंपनी के प्रतिनिधि एसटीपी के पानी की गुणवत्ता की परख कर रहे हैं। चूंकि तिल्दा का यह प्लांट रायपुर से 45 किलोमीटर दूर है, इसलिए यहां तक पानी पहुंचाने के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने की कवायद संबंधित ग्रुप कर रहा है।

### भिलाई का एनएसपी मांग रहा 18 एमएलडी ट्रीटेड वाटर

*राजधानी रायपुर के औद्योगिक इकाइयों के साथ ही भिलाई की एनएसपी को 18 एमएलडी उपचारित पानी की जरूरत है। इसके लिए संबंधित संस्था से प्रस्ताव मंगाकर विभागीय स्तर पर चर्चा चल रही है। विदित हो नगर निगम ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी बेचने 6 रुपये प्रति किलोलीटर की दर तय कर रखी है। अनुबंध की शर्त के मुताबिक कारा, निमोरा या चंदनीडीह के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी को अपने प्लांट तक ले जाने संबंधित एजेंसी खुद के खर्च पर पाइप लाइन बिछायेगी और पंप से लेकर बिजली स्ट्रक्चर का खर्च भी वहन करेगी। नगर निगम को इसमें रत्तीभर खर्च नहीं आयेगा।*



### भूजल का संरक्षण, उपचारित पानी का उपयोग

नालों के सीवरेज का पानी उपचारित करने लगाये गये 3 एसटीपी से उनकी क्षमता के 70 फीसदी उपचारित जल औद्योगिक इकाइयों को दिया जा सकता है। इससे जमीन के भीतर बोरवेल से निकाले जाने वाले पानी की बचत होगी, वहीं एसटीपी से उपचारित पानी से निगम को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

- **योगेश कडू,** सहायक अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन, नगर निगम रायपुर

### 3 एसटीपी से प्रतिदिन 175 एमएलडी पानी की हो रही सफाई

*नगर निगम के 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकल रहे 175 एमएलडी साफ पानी में से अब तक 13 एमएलडी पानी बेचने में नगर निगम को सफलता मिली है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पानी की उपयोगिता के लिए केन्द्र शासन के साथ ही भूजल संरक्षण बोर्ड ने कारखानों में भूजल के लगातार पर दोहन पर अंकुश लगाने का आदेश पिछले वर्ष जारी किया था। इसके बाद राजधानी से लगे औद्योगिक इकाइयों ने उपचारित पानी को खरीदने दिलचस्पी दिखाई है। अभी कारा, निमोरा और चंदनीडीह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से खारुन में गिरने वाले बड़े नालों के पानी का शुद्धिकरण किया जा रहा है।*

# बीए प्रथम वर्ष में 59 प्रतिशत छात्र फेल, 28 हजार ने दिलाई थी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में खराब परीक्षा परिणामों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीएससी के बाद अब बीए के परीक्षा परिणाम भी निराश करने वाले रहे हैं। बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा रविवि द्वारा गुरुवार को की गई। इस परीक्षा में 28 हजार 389 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 11 हजार 860 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं, जो कुल शामिल परीक्षार्थियों का मात्र 41.78 प्रतिशत है। इस तरह से 59 फीसदी छात्र परीक्षा में फेल हो गए हैं। घोषित परिणामों के अनुसार, परीक्षा में शामिल छात्रों में से 12 हजार 355 को अनुत्तीर्ण श्रेणी में रखा गया है। 3 हजार 987 छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है, जबकि 187 छात्रों के नतीजे विवि कारणों से रोके गए हैं। 664 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे हैं। रविवि ने सभी छात्रों के परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। छात्र यहां से अपने नतीजे देख सकते हैं।

- बीते दिनों घोषित किए गए थे बीएससी के परिणाम, इसमें भी 44 प्रतिशत ही हुए थे उत्तीर्ण

### दो पैटर्न में होगी परीक्षा

*रविवि द्वारा मौजूदा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जा रही है। सत्र 2023-24 की परीक्षा में शामिल और अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए विवि को 2024-25 में भी पुराने पैटर्न से ही परीक्षा लेनी होगी। इस तरह से अगले वर्ष रविवि को नए पैटर्न में परीक्षाएं लेने के साथ ही बड़ी संख्या में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए पुराने पैटर्न से भी पर्चे लेने होंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष रविवि के छात्रों का प्रदर्शन विशेष उल्लेखनीय नहीं रहा है। ना केवल कला संकाय बल्कि वाणिज्य और गणित संकाय में भी छात्रों क प्रदर्शन औसत रहा है। बीते दिनों रविवि द्वारा घोषित बीएससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा में भी 44.26 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण हो सके थे।*

# ट्रक ड्राइवर कंडक्टर पर हमला कर बदमाशों ने लूट का शिकार बनाया

## बदमाश नकदी 44 हजार रुपए सहित दो मोबाइल लूटकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना में एक ट्रक ड्राइवर ने बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ नकदी 44 हजार रुपए सहित दो मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना बुधवार देर शाम आरएसडी रेक प्वाइंट के पास की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस बदमाशों की पहचान में जुटी है। लूट के आरोप में पुलिस एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक चंद्रमा सिंह ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रमा ने पुलिस को बताया कि वह टाटीबंध जेएसपीएल में ट्रक चलाने का काम करता है। घटना दिनांक को वह रेक प्वाइंट जाने के लिए



निकला था। रास्ते में पेड़ गिर गया था, जिसकी वजह से उसने रास्ते में ट्रक रोक दिया। ट्रक का कंडक्टर रोड क्लीयर करने चला गया। इसी दौरान तीन बदमाश ट्रक में ड्राइवर तथा कंडक्टर साइड से घुसे और उसकी जेब से जबरन मोबाइल निकालने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने ट्रक के पाना से उस पर हमला कर मोबाइल के साथ बैग में रखे 10 हजार रुपए लूट लिए।

### कंडक्टर के साथ दौड़ाकर लूट

चंद्रमा के मुताबिक बदमाश लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे थे, इसी दौरान कंडक्टर ट्रक के पास पहुंचा, तब बदमाशों ने कंडक्टर के साथ लूट करने की कोशिश की। इस दौरान कंडक्टर डर कर भागने लगा, तब बदमाशों ने उसके साथ भी मारपीट कर कंडक्टर की जेब से मोबाइल तथा नकदी 34 हजार रुपए लूट लिए।

# राज्यपाल से मिले एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से गुरुवार को राजभवन में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) नई दिल्ली के महानिदेशक अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त लेफ्टिनेंट जनरल जीपी सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। उनके साथ एनसीसी (छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश) के सहायक महानिदेशक मेजर जनरल एके महाजन, ग्रुप कमाण्डर विक्रम चौहान और ब्रिगेडियर निलेश चौधरी भी उपस्थित



थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एनसीसी की गतिविधियों की जानकारी राज्यपाल को दी। राज्यपाल ने एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने एवं समाज के लिए उनके दायित्वों के प्रति जागरूकता लाने गतिविधियां करने कहा। इस अवसर पर एनसीसी के अधिकारियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# खाटू श्याम मंदिर में 27 से श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बालाजी परिवार द्वारा समता कालोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में 27 जून से 4 जुलाई तक श्रीमद्ध भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध कथा वाचक महंत चिन्मय दास महाराज राजधानी पधारेंगे। भागवत कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। गुरुवार 27 जून को शाम 4:30 बजे बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। श्रीराम कथा समिति समता कालोनी ने श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का लाभ उठाने आमंत्रित किया है।

- महंत चिन्यम दास महाराज करेंगे कथा वाचन

## पेज 13 के शेष

### मौदहापारा की संकरी...


चौक तक जाने वाली बायपास सड़क अवैध कब्जों की वजह से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी है। इस मार्ग पर आए दिन सुबह से देर शाम तक ट्रैफिक जाम से शहरवासियों को जूझना पड़ता है। एक अरसे बाद नगर निगम का तोड़ूदस्ता पुलिस बल और मजदूरों के साथ मौदहापारा कब्रस्तान रोड पर एक्शन मोड में नजर आया। देखते ही देखते 15 से ज्यादा कब्जे को 2 घंटे में साफ कर दिया। इस दौरान बड़ी मात्रा में कबाड़ और कचरा को 20 गाड़ियों में भरकर वहां से हटाने निगम की टीम जुटी रही।

### लोक आयोग कार्यालय...

घटना से कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मियों के साथ लोक आयोग के कर्मचारियों द्वारा बदसलूकी की घटना सामने आई है।

### हड़ताल के बाद...

यात्रियों को काफी दिक्कत हुई। शाम को रेलवे अधिकारियों के बीच बैठक हुई, जिसमें बूथ के सभी ऑटो को निःशुल्क एंट्री की बात कही गई, लेकिन ठेकेदार ने रेलवे से लिखित आदेश और निर्देश पत्र देने को कहा है। ठेकेदार का कहना है कि शुल्क लेने का अधिकार रेलवे ने खुद टेंडर में लिखकर दिया है। अब निर्णय बदलने से नुकसान होगा।



## खबर संक्षेप



### बच्चे के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं पिता

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के सेलीब्रेशन प्लाजा में फादर्स डे के उपलक्ष्य में पापा है तो मुमकिन है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत ने कहा कि पिता का बच्चे के जीवन में महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पिता न केवल परिवार के मुखिया होते हैं, बल्कि वे बच्चे के पहले आदर्श, मार्गदर्शक और संरक्षक भी होते हैं। उनके बिना बच्चे का विकास अधूरा रह जाता है। पिता अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से बच्चे को जीवन के संघर्षों से जूझने की क्षमता सिखाते हैं। कार्यक्रम के आयोजक अनिल जोतसिंघानी रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मुकेश शाह, जयेंद्र नारंग, भाजयुमो नेता पन्ना दुबे एवं ज्यूरी के रूप में मधु फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता पांडे, सचिव मोनिका साहू के साथ डॉ. संयुक्ता गांधी मौजूद रहीं।

### जोन-3 दफ्तर में स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** शंकर नगर स्थित नगर पालिका निगम जोन क्रमांक 3 द्वारा 21 जून को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जोन क्रमांक 3 के कार्यालय में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा। शिविर में नेत्र व दांत चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही मरीजों को नेत्र और दांत की समस्याओं के समाधान के लिए जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी जोन आयुक्त ने देते हुए बताया कि इस शिविर में आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### स्कूलों में विषयवार हो शिक्षकों की नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भर्ती पदोन्नति में संशोधन कर सरकारी मिडिल स्कूलों में शिक्षकों को कोई की संकाय पढ़ाने का फरमान जारी किया, जिसका विषय विशेषज्ञों ने खुलकर विरोध किया और मामला कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन आज पर्यंत मामला कोर्ट में विचाराधीन ही रह गया। विषय विशेषज्ञों को अब नई सरकार से उम्मीद है कि विषय बाध्यता पुनः लागू की जाए, क्योंकि इसका प्रावधान शिक्षा का अधिकार कानून में भी है। श्री पॉल का कहना है कि कोई भी शिक्षक कोई भी विषय नहीं पढ़ा सकता है।

### बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** बस्तर की जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया है। विभाग द्वारा गुरुवार को यह आदेश जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि बस्तर में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रहने के दौरान उनके द्वारा सूखा राशन का क्रय नियम विरुद्ध किया गया। इसकी शिकायत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई थी। जांच में शिकायत के सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक बस्तर निर्धारित किया गया है।

# अनूपपुर से कटनी के बीच बिछाई 97 किलोमीटर तीसरी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 20 जून को मुदरिया स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का काम हुआ पूरा
- अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य चल रहा 165 .52 किमी नई तीसरी लाइन का निर्माण कार्य

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई लाइन का विस्तार कार्य तेजी से चल रहा है। गुरुवार को मुदरिया स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का कार्य पूरा किया गया। इस कार्य के लिए रेलव ने 18 से अधिक ट्रेनों को रद्द किया था। नान इंटरलाकिंग से रेलखंड पर 97 किमी तीसरी लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा।

रेलवे की यह तीसरी लाइन ट्रेनों की समयबद्धता बढ़ाएगी और सेक्शन की क्षमता भी बढ़ेगी। भारतीय रेलवे अभी अधोसंरचना से जुड़े कार्यों पर फोकस कर रहा है। यह कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में चल रहा है। इसमें अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य 165.52 किमी नई विद्युतीकृत तीसरी लाइन का निर्माण भी शामिल है। इस कार्य के अंतर्गत घुंघुटी एवं मुदरिया स्टेशनों के मध्य 11 किलोमीटर रेल लाइन के तिहरीकरण कमीशनिंग कार्य के लिए मुदरिया स्टेशन में नान-इंटरलाकिंग का कार्य 13 जून से शुरू हुआ है और 20 को पूरा किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से अनूपपुर-कटनी के मध्य लगभग 97 किमी तीसरी लाइन हो जाएगी।

### 68 किमी के बाद बिलासपुर से नागपुर तक चौथी लाइन की पारी



### बड़ी मशीनों का कर रहे उपयोग

लाइन बिछाने का कार्य जितनी जल्दी पूरा हो जाए, इसके लिए रेलवे कर्मचारियों के साथ मशीनों का भी उपयोग कर रहा है। वर्तमान में टी-28, यूनिमैट एवं ड्यूमैटिक जैसी बड़ी मशीनों से कार्य कराया जा रहा है। अनूपपुर से कटनी रेल लाइन के तिहरीकरण हो जाने के बाद इस सेक्शन में क्षमता में और वृद्धि होगी, ट्रेनों की समयबद्धता बढ़ेगी और अधिकाधिक ट्रेनों के परिचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। इसका सीधा लाभ इस अंचल के यात्रियों को होगा।

### जल्द चौथी लाइन का काम होगा शुरू

इस बेहद महत्वपूर्ण व चुनौतीपूर्ण कार्य को करने के लिए रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द और परिवर्तित किया है। इससे यात्रियों को परेशानी भी हो रही है, लेकिन जब यह पूरा हो जाएगा इसका सबसे बड़ा लाभ आम यात्रियों को ही मिलेगा। रेलवे दिन रात कार्य करा रहा है, ताकि समय पर पूरा हो सके। अभी बिलासपुर रेल मंडल ही नहीं, बल्कि जोन के तीनों मंडल में रेल लाइनों के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। इसके बाद बिलासपुर से नागपुर तक चौथी लाइन बनाई जाएगी। इससे ट्रेनों के परिचालन की गति की बढ़ेगी।

## बिरगांव निगम की एमआईसी ने सरोकार को लेकर की चर्चा और दी सहमति

# घटते भू-जल को दुरुस्त करने सर्वे सौ बोर में वाटर हार्वेस्टिंग का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

घटते भू-जल को दुरुस्त करने के लिए बिरगांव निगम की एमआईसी ने अहम निर्णय लिया है। इस सीजन में निगम के 40 वार्डों में मौजूद 800 बोर का सर्वे किया जाएगा। जिस क्षेत्र में बोर सूखने की शिकायत गर्मी में रहती है। ऐसे अलग-अलग क्षेत्र के 100 बोर में पहले फेज में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की प्लानिंग पर काम शुरू होने वाला है। सर्वे के बाद भूमिगत जल की बेहतरी के लिए प्रत्येक बोर पर करीब 15-15 हजार रुपए खर्च करने की तैयारी है।

औद्योगिक क्षेत्र से सटे बिरगांव निगम के उरला, अछोली, बिरगांव, रावांभाठा, सरोरा और उरकुरा की अलग-अलग बस्तियों में निगम ने 800 से ज्यादा बोर करवाए हैं। इनमें 400 से ज्यादा बोर हर साल गर्मी में सूख जाते हैं। इससे आस-पास के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इसे देखते हुए एमआईसी ने निर्णय लिया है कि हर साल 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इससे सामान्य दिनों में ही नहीं बल्कि गर्मी में भी बोर से निकलने वाले पानी को हार्वेस्टिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसे लगाने से पहले सूखने वाले बोर को प्राथमिकता देने की तैयारी है। इसके लिए जल प्रदाय विभाग की टीम ऐसे बोर का चिन्हांकन करेगी, जो सूख जाते हैं।

### हैंडपंप भी लगाने का प्लान

निगम के इंजीनियर्स व प्रतिनिधियों के माध्यम से ऐसे बोर का भी चिन्हांकन किया जाएगा, जहां पर मोटर लगे हैं। इससे पानी की बर्बादी होती है। ऐसे बोर से मोटर निकालने के बाद उनमें हैंडपंप की तरह उपयोगी बनाया जाएगा। इसके साथ ही वहां वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाएगा। यह प्रक्रिया जन महीने से ही शुरू की जाएगी। ऐसा इसलिए किया जाएगा, ताकि वर्षा जल के साथ ही बोर के बूंद-बूंद पानी को संचित किया जा सके।



### वाटर हार्वेस्टिंग लगाएगी एजेंसी

एमआईसी में निर्णय के बाद जल संरक्षण के लिए पहले फेज में सौ बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का प्लान तैयार हुआ है। सर्वे के बाद एजेंसी को इसे लगाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने प्रत्येक बोर पर 12 से 15 हजार खर्च होगा।

**- इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग, नगर निगम, बिरगांव

### करीब 15 लाख होगा खर्च

निगम सूत्रों ने बताया कि जिस-जिस क्षेत्र के बोर का चिन्हांकन किया जाएगा। ऐसे 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की प्रक्रिया पर हर बोर के लिए करीब 15 हजार रुपए तय किया जाएगा,यानी भूमिगत जल की बेहतरी के लिए इस बरसात में ही 15 लाख से ज्यादा खर्च किया जाएगा। इस प्रक्रिया को हर साल करते हुए सभी सार्वजनिक बोर का जल जो बाहर फेका जाता है, उसे संरक्षित करने की तैयारी है, जुलाई में काम शुरू होगा।

# नए कानून में धाराओं का पाठ पढ़ने एनसीआरबी का संकलन एप करेगा विवेचकों की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- पुलिस को हाईटेक तरीके से काम करना होगा नए कानून में

अपराध पर अंकुश लगाने अंग्रेजों द्वारा बनाया गया 163 साल पुराना कानून नौ दिन बाद समाप्त हो जाएगा। नौ दिन बाद अंग्रेजी कानून की जगह नई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। नए कानून को समझने के लिए विवेचकों के साथ पुलिस अफसरों की नियमित क्लास लग रही है। इसके लिए थाना स्तर पर भी विवेचकों को ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है।

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक नए कानून को लागू करने के बाद विवेचकों के साथ थाना में मुंशी को अपराध दर्ज करने किसी तरह से कोई परेशानी न हो, इसके लिए उन सभी को हर स्तर पर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। अपराध दर्ज करते समय नए कानून की जानकारी लेने मुंशी भारत सरकार द्वारा तैयार संकलन एप की मदद ले सकते हैं। यह एप ऑफ लाइन होने की स्थिति में भी काम करेगा। संकलन एप को कैसे ऑपरेट करना है, इस बात की जानकारी सभी पुलिसकर्मियों को दी जा रही है।

*सीसीटीएनएस में बदलाव : नए कानून लागू होने के बाद सीसीटीएनएस भी पूरी तरह से बदल जाएगा। सीसीटीएनएस में बदलाव होने के बाद सीसीटीएनएस को कैसे ऑपरेट किया जाएगा, इस संबंध में भी पुलिस कर्मियों के साथ अफसरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही साक्ष्य संकलन करने में हाईटेक सिस्टम अपनाया जाएगा। इसके लिए भी पुलिस अफसर तथा कर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।*

### वीडियोग्राफी, फोटो खींचने के गुर सिखाए जा रहे

*नए कानून में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए साक्ष्य के रूप में मौके पर बनाए गए वीडियो के साथ फोटो का महत्वपूर्ण स्थान रहेगा। कोर्ट में गवाह अपने बयान से मुकरे नहीं, इसके लिए गवाह के बयान का लिखित के साथ ऑडियो, वीडियो बयान दर्ज किया जाएगा। साथ ही विवेचक अपने मोबाइल से घटना स्थल का वीडियो बनाने के साथ फोटो खींचने का काम करेगा। घटना स्थल पर किस एंगल से वीडियो बनाने के साथ फोटो खींचना है, इस बात की पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।*

### कई पुलिसकर्मी अभी भी नहीं समझ पाए सिस्टम को

नए कानून लागू होने में 10 दिन से कम का समय रह गया है। पुलिस अफसर के साथ कर्मियों को नए कानून को लेकर न्यायाधीश से लेकर कानून के जानकार, वकील तथा लॉ कालेज से जुड़े प्रोफेसर, पुलिस अफसर तथा कर्मियों को नए कानून को लेकर प्रशिक्षित करने का काम कर रहे हैं। बावजूद इसके जिले के कई पुलिसकर्मी अभी नए कानून को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। ऐसे में नए कानून के लागू होने के बाद पीड़ितों के साथ पुलिस कितना न्याय कर पाएगी, यह सवालों के घेरे में है।

## नोटिस की तामिली भी नहीं, इसलिए भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में अभी भी 400 प्रकरण लंबित

- सालभर समय पर नहीं हुई सुनवाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में किराएदार और मकान मालिक के बीच विवाद को लेकर भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में दर्ज प्रकरणों पर अब सुनवाई के साथ आर्डर भी जारी होने लगे हैं।

हालांकि इसका आंकड़ा अभी बहुत कम है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लगने तक कोर्ट में साढ़े चार सौ से भी ज्यादा प्रकरण लंबित थे, जो अब घटकर चार सौ के करीब पहुंच गए हैं। इधर लंबित प्रकरणों में सुनवाई नियमित रूप से जरूर हो रही है, लेकिन अभी भी सैकड़ों प्रकरण ऐसे हैं, जिनमें पक्षकारों को जारी होने वाले नोटिस की तामिली ही नहीं कराई जाती। इस कारण इन प्रकरणों में सुनवाई तक नहीं हो पा रही है, जिससे प्रकरणों पर फैसला भी नहीं आ पा रहा है।

### कई प्रकरण 5 साल से अधिक समय से लंबित

भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में वैसे तो 1 साल से लेकर 5 साल के बीच के सैकड़ों प्रकरण हैं, जिनमें अब तक आर्डर जारी नहीं हो पाए हैं। इनमें ऐसे भी कई प्रकरण है जिन्हें 5 साल से भी ज्यादा हो चुका है। इन प्रकरणों की समय पर सुनवाई नहीं होने से पेशी की तारीख आगे बढ़ने, नोटिस की तामिली नहीं कराना, कोविड काल, चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने, अधिकारियों का बार-बार तबादला, अधिकारी की नियुक्ति के बाद भी अधिसूचना जारी नहीं होना सहित कई कारण है, जिसके कारण प्रकरणों में अब तक फैसला नहीं आ पाया है।




### प्रोटोकाल अधिकारी को भाड़ा नियंत्रण की जिम्मेदारी, इसलिए निराकरण में देर

पिछले कई सालों से भाड़ा नियंत्रण की जिम्मेदारी प्रोटोकाल अधिकारी को दी जाती है। इस कारण भी भाड़ा संबंधित प्रकरणों की सुनवाई समय पर नहीं हो पाती है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र, शासन-प्रशासन स्तर का कार्यक्रम, चुनाव, कार्यक्रम या अन्य किसी काम से दूसरे राज्यों से नेताओं व अधिकारियों का आना-जाना से लेकर ठहरने सहित अन्य व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्रोटोकाल अधिकारी की होती है। इन कामों में व्यस्त होने के कारण अधिकारी को भाड़ा नियंत्रण के प्रकरणों पर सुनवाई करने का समय बहुत कम मिल पाता है। इसके कारण प्रकरणों का निराकरण भी जल्दी नहीं हो पा रहे हैं।

### नियमित सुनवाई के साथ केस भी निपटाए जा रहे

नियमित सुनवाई नहीं होने के कारण लंबित प्रकरणों की संख्या ज्यादा हो गई थी। अब नियमित सुनवाई हो रही है। कई प्रकरणों में ऑर्डर भी जारी किए हैं। इससे लंबित प्रकरणों की संख्या भी कम हुई है। **- आशुतोष देवांगन,** भाड़ा नियंत्रण अधिकारी

## योग के साथ नशामुक्ति का संदेश, 21 हजार टी-शर्ट बांटी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को रायपुर जिले में कई जगहों पर योग कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें समूह में शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों से लेकर योग संस्था एवं आम लोग भी सामूहिक रूप से योग करके इस दिवस को मनाएंगे। समाज कल्याण विभाग ने योग दिवस पर इस बार 21 हजार टी-शर्ट का निःशुल्क वितरण भी किया है, जिसे पहनकर योग कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सफेद टी-शर्ट में योग का मोनो के साथ योग करें-नशा छोड़ें का संदेश भी छपा हुआ है। इस तरह योग दिवस पर शासन ने योग को बढ़ावा देने के साथ नशा को त्याग करने लोगों को जागरूकता लाने का भी प्रयास किया है। राज्य में भारत माता वाहिनी योजना के तहत छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 155-326 भी जारी किया गया है। इस अभियान के तहत योग दिवस पर लोगों में योग को अपने जीवन में शामिल करने के साथ नशा को त्याग दे इसका प्रयास टी-शर्ट में संदेश छपवा कर किया गया है।

### प्रशासन, नगर निगम पुलिस सहित सभी विभागों को बांटी गई टी-शर्ट

योग दिवस के लिए समाज कल्याण विभाग ने जिलेभर में 21 हजार टी-शर्ट बंटवाई है। यह टी-शर्ट जिला प्रशासन के सभी विभागों के अलावा नगर निगम, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों के अलावा योग संबंधी संस्थानों को भी निःशुल्क बांटी गई है। बताया जा रहा है कि शासन की ओर से रायपुर के अलावा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों को टी-शर्ट भेजी गई है, जहां इसका वितरण किया गया है।

**तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मामला**

## महापौर और एमआईसी सदस्यों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी के तात्यापारा चौक से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों के साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात की। इस दौरान बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा देने और तत्काल कार्य शुरू कराने आग्रह किया। श्री ढेबर ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 137 करोड़ की स्वीकृति तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए दिलवाई थी। इसके बाद भी आज तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ।

राजधानी के जीई मार्ग में तात्यापारा चौक से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से राजधानी वासी परेशान हैं। नागरिकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ दोपहर बाद प्रदेश के मुख्य सचिव से मुलाकात करने पहुंचे । उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत 137 करोड़ रुपये की जानकारी ली। मुआवजा राशि को तत्काल रायपुर नगर पालिक निगम को उपलब्ध करवाने का अनुरोध महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, जितेन्द्र अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, सुंदर जोगी, हेमंत पटेल ने संयुक्त रूप से किया। महापौर ने नगरीय प्रशासन एवं विकास सचिव को बताया कि विगत दिनों प्रभावित व्यापारियों के साथ की गयी चर्चा सकारात्मक रही। सभी व्यापारी उन्हें तत्काल नियमानुसार मुआवजा मिलते ही वर्षों पुरानी जनसमस्या से नागरिकों को राहत दिलवाने पूरी तरह सहमत हैं। इसीलिए 137 करोड़ की राशि तत्काल रायपुर नगर निगम को उपलब्ध कराया जाये।

## जलभराव, नालों की सफाई करवाने जोन में हेुई बैठक

- जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव ने पार्षदों से की चर्चा
- पौधारोपण अभियान, उद्यानों के रखरखाव के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जोन 6 कार्यालय में जोन अध्यक्ष निशा देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को जलभराव, नालों की सफाई सहित वार्डों के विकास कार्य को लेकर बैठक ली।

जोन अधिकारियों के साथ ही 7 वार्ड के पार्षद इस बैठक में शामिल रहे। जोन अध्यक्ष ने पार्षदों से वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की और उनसे सुझाव मांगे। बारिश में जलभराव की समस्या और नालों की सफाई करवाने निशा देवेन्द्र यादव ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जोन के वार्डों में उद्यानों के समुचित रखरखाव करने सहित बगीचों की लाइट को तत्काल दुरुस्त करवाकर प्रकाश व्यवस्था की सुविधा कायम करवाने के निर्देश दिये। जोन अध्यक्ष ने जोन के 7 वार्डों में मानसून के दौरान खाली स्थानों पर सुरक्षित रूप से पौधारोपण अभियान पार्षदों की अगवाई में सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। नालों एवं नालियों की तले तक सफाई करवाने के की हिदायत इस दौरान जोन अधिकारियों को दी गई। जोन अध्यक्ष ने जोन में स्वीकृत होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हुये विकास कार्यों को तत्काल प्रारंभ करवाकर मॉनिटरिंग करवाने निर्देश दिये। बैठक में एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, पार्षद सरिता वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जयमोहन साहू, अभिषेक धनगर, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**बिजनेस साइट**

## विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स की सीईओ दिशा को फाडा ने किया सम्मानित




**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मारुति सुजुकी के अधिकृत डीलर विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स की सीईओ दिशा अग्रवाल को सम्मानित किया है। फाडा की ओर से मुंबई के सहारा होटल में आयोजित 'फाडा डीलरशिप एक्सीलेंस' अवॉर्ड में विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स की सीईओ दिशा अग्रवाल को महिला उद्यमिता श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें यह अवॉर्ड फाडा के प्रेसिडेंट मनीषराज सिंघानिया की मौजूदगी में बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान ने दिया। इस समारोह में देशभर से विभिन्न ऑटोमोबाइल्स कंपनियों ने भाग लिया था।

## कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक दिवसीय इमरजेंसी रिस्पांस ट्रेनिंग



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में एक दिवसीय इमरजेंसी रिस्पांस ट्रेनिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति का किस प्रकार सामना किया जाए, पर जनसाधारण को जागरूक करना था। इस कार्यशाला को झारखंड के रांची स्थित ईएमआरआई, ग्रीन हेल्थ सर्विसेज सीनियर क्लीनिकल एजुकेटर डॉ. पंकज एवं मेडिकल तकनीशियन आकाश महतो ने संपादित किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज ने बताया कि आपात स्थितियां और आपदाएं, चाहे बड़ी हों या छोटी, कहीं भी हो सकती हैं। काम और व्यवसाय के स्थान आपदाओं की घटना से अछूते नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को चोट लग सकती है या यहां तक कि उनकी मृत्यु भी हो सकती है। कर्मचारियों को सही प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, ताकि सबसे खराब स्थिति में वे ठीक से तैयार रहें। इस कार्यशाला में कोलंबिया संस्थान के सचिव हरजीत सिंह हूरा, कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हूरा, संकायों के प्राचार्य, समस्त संकायों के फैकल्टी मेंबर्स एवं कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937






# योग को बनाया सेहत का 'टॉनिक'

योग दिवस विशेष

## योग संग पर्यावरण संरक्षण का संदेश, पौधारोपण का संकल्प



**रायपुर।** महोबा बाजार स्थित बरसाना एनक्लेव में स्मार्ट योगा ग्रुप के मेंबर्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या में योग किया गया। सभी ने कई प्रकार के योगासन किए। बीते दस वर्षों से यहां लगातार फ्री योगा क्लासेज चल रही हैं, जिससे सभी को स्वास्थ्य लाभ हो रहा है। सभी ग्रुप मेंबर्स ने अनुपम गार्डन में जाकर हरे-भरे पेड़ों के बीच में योगासन किया, जिसमें ताड़ासन, तितली आसन, भुजंग आसन प्रमुख थे। सभी योग मेंबर्स द्वारा बारिश में पौधे लगाने का संकल्प किया गया। इस दौरान सुलोचना अय्यर, श्वेता जैन, अलका अग्रवाल, रेखा अवस्थी, सरोज मित्तल, शोभा गुप्ता, माया वर्मा, प्रेमा टावरी, मीरा हरितला, उषा अग्रवाल, मधु अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 15 केंद्रों की टीम होगी शामिल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल भवन और प्रियदर्शनी नगर स्थित संत ज्ञानेश्वर स्कूल में वृहद स्तर पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल की सभी समितियों के साथ 15 केंद्रों की टीमें भी शामिल होंगी। योग और आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि गत 10 वर्षों से चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में योग दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी शुक्रवार को महाराष्ट्र मंडल में सुबह सात बजे वृहद स्तर पर योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक शशि वरवंडकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

लाइव इवेंट

## योग का महत्व समझाने संगोष्ठी जीवन में शामिल करने दी प्रेरणा



**रायपुर।** योग दिवस के उपलक्ष्य में पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन श्याम नगर स्थित पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के कार्यालय में किया गया। इसका उद्देश्य था लोगों को योग के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना तथा योग की महत्ता को जन-जन तक प्रचारित करना। योग गुरु मधु बहादुर सिंह, राकेश दुबे, बरखा अंदानी और प्रद्युम्न यादव वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने योग के महत्व पर अपने विचार रखते हुए कहा कि योग को अपने जीवन व दिनचर्या में शामिल करने से शरीर निरोगी रहता है तथा जीवन में सकारात्मकता आती है, इसलिए जीवन में योग को जरूर शामिल करना चाहिए।

### योग स्लोगन के विजेता रहे अशोक व पूजा

प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी व प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया, योग पर स्लोगन प्रतियोगिता के 10 विजेता प्रतिभागियों को पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के कार्यालय में पुरस्कृत किया गया, जिसमें अशोक लालवानी, संतोष डोडानी, पूजा सबलानी, चिराग पंजवानी, कविता तनवानी, कविता जैन, हार्दिक जैन, रिया फतनानी, सुनील बजाज एवं शोभा रामवानी विजेता रहे। सिंधी पंचायत के संरक्षक आसूदाराम वाधवानी, अमर परवानी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा एवं कैलाश बलानी के दिशा-निर्देश में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सिटी इवेंट

## 'योग भगाए रोग थीम' पर उकेरी कृतियां, कैनवास में योग मुद्राएं

**रायपुर।** योग कला प्रदर्शनी कला वीथिका में लगाई गई है। यहां प्राणायाम, योग आसन, कुंडली जागरण, योग साधना की मुद्रा को कई कलाकारों ने कैनवास पर 'योग भगाए रोग' थीम पर रंगों का प्रयोग करते हुए जीवंत किया है। योग और मधुमेह, पंतजलि योग दर्शन के साथ बाबा रामदेव की योग यात्रा, दैनिक जीवन में योग और आसन जैसे विषय पर कृतियां सजाई गई हैं। जल, तैल रंग, पेस्टल एक्रेलिक, कोलाज, ग्राफिक, कम्प्यूटर ग्राफिक, फोटो ग्राफी का इस्तेमाल करके रचनाएं तैयार की गई हैं। इसमें वरिष्ठ, युवा, बाल कलाकार ही नहीं महिलाओं ने भी शिरकत की है। इनमें दिशा ठाकुर, बसंत साहू , चंद्रकांत साहू, निखिल कुंजाम, राधिका शर्मा, नीतु निषाद, उमेश साहू, रीना साहू, अवतार सिंह भंगल की रचनाएं प्रमुख हैं। इनकी रचनाओं को लोग देखने के लिए भी पहुंचे।



### शाम को देख सकेंगे लोग

महाकोशल कला परिषद के प्रमुख डॉ.प्रवीण शर्मा ने बताया, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर महाकोशल कला वीथिका में शाम 6 बजे मुख्य अतिथि डॉ. विनोद जोशी ने कला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कला वीथिका में लोग योग कला प्रदर्शनी का अवलोकन 21 जून को भी कर सकेंगे। दर्शकों के लिए शाम 5 से रात 7 बजे तक खुला रखा जाएगा। इसका अवलोकन करने के लिए आने वाले लोगों को अलग-अलग विधा से जुड़ी रचनाओं से बहुत कुछ सिखने को मिलेगा।

## किसी की बची जान

लवकुश शुक्ला ⏭ रायपुर

शहर में कई ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने वर्षों दवा का सेवन करने के बाद अंत में योग का सहारा लिया। इसका रिजल्ट यह हुआ है कि अब उन्हें दवा खाने की जरूरत नहीं रही। कई ऐसे भी हैं, जिन्होंने डॉक्टर के पास जाना भी बंद कर दिया है। ऐसे लोगों से जब बात की गई, तो उन्होंने बताया कि योग से रोग को मात देने से अब सामान्य जीवन जीने में उत्साह का अनुभव होता है। योगाभ्यास से कई बीमारियों से छुटकारा पाने वालों में महिलाएं आगे हैं। वे कहती हैं कि दवा खाए कई महीने हो चुके हैं।

योग दिवस पर जब योग गुरुओं से बात की गई तो उन्होंने पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन जैसे कई आसन गिनाए। वे बताते हैं कि पीठ के बल लेटकर अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, विपरीतकर्णी आसन, पवनमुक्तासन, नौकासन, श्वासन करने से कई तरह के विकारों से हमेशा के लिए छुटकारा मिलता है। योगाभ्यास से होने वाले फायदे के कारण ही महिलाओं की तादाद योग अभ्यास केन्द्रों में तेजी से बढ़ रही है। घर के काम-काज के कारण उनकी दिनचर्या अव्यवस्थित होने से कई तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। अगर नियमित योग किया जाए, तो किसी भी व्यक्ति को स्वस्थ्य रहने में काफी मदद मिलेगी, इसका फायदा भी लोग लेते हैं।

### थायराइड-डायबिटीज से निजात

सड्डू में कैपिटल सिटी-वन निवासी संगीता दास बताती हैं कि दो साल पहले मुझे थायराइड व डायबिटीज की शिकायत थी। तब बचाव के लिए मुझे 100 एमजी की दवा लेनी पड़ती थी। योग के बारे में पता चलने पर प्रशिक्षण के लिए जाना शुरू किया। नियमित योग से मुझे दोनों ही तरह के रोगों से छुटकारा मिल चुका है। विगत 50 दिनों से मैंने किसी प्रकार की दवा का सेवन नहीं किया। योग शुरू करने से दवाओं का सेवन भी 50 एवं 25 एमजी हुआ, अब दवा की जरूरत नहीं है।



### एसिडिटी में राहत

ऐश्वर्या किंगडम कचना में रहने वाली अमिता अग्रवाल को 8 साल पहले एसिडिटी की समस्या के कारण दवा का सेवन करना पड़ता था। वे कहती हैं, अम्ल की अधिकता से होने वाली बीमारी से परेशान थी। 4 साल पहले



कॉलोनी के क्लब हाउस में योगाभ्यास के लिए जाने लगी। अभी की स्थिति में मुझे इस तरह की कोई समस्या नहीं है। योग करने से ऑक्सीजन लेवल बढ़ने के साथ ही स्टेमिना बढ़ने से काफी राहत महसूस करती हूं। योग से रोग को मात देने से दवाओं से नाता टूटा, पहले ऐसा नहीं था।

### घबराहट और बेचैनी हुई दूर

आमासिवनी के जलाराम अपार्टमेंट में रहने वाली जसमीत जोशी ने यादें साझा करते हुए बताया कि 5 साल पहले एंग्जायटी की समस्या थी। साथ में पैनिक अटैक की शिकायत होने पर सालभर पहले जांच करवाई। योग से इन समस्याओं से छुटकारा मिलने की जानकारी मिली। दवा मैंने किसी समस्या से राहत के लिए नहीं ली। नियमित योग करने से मुझे सभी रोगों से छुटकारा मिला। अभी मुझे किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। इससे पहले घबराहट व बेचैनी जैसी कई दिक्कत थी।






योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग आयोग संस्थान द्वारा 2017 में नई पहल की गई। इसमें पप्रशिक्षित योग गुरुओं को शामिल किया गया। योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्कूल, कॉलेज, संस्थान व गार्डन में निःशुल्क योगाभ्यास की कक्षा प्रारंभ की गई। शुरुआती दौर में जहां 7 हजार प्रशिक्षकों की टीम का सहयोग लिया जाता था, वर्तमान समय में वह तीन गुना बढ़ गया है। योग आयोग के प्रबंधक रविकांत ने बताया, आयोग की शुरुआत 2017 में की गई थी। इस दौरान योग आयोग संस्थान में केवल 7000 योग प्रशिक्षकों को शामिल किया गया था, लेकिन 2024 में ट्रेनर्स की संख्या 21 हजार हो गई है। संस्थान से स्कूल, महाविद्यालय, निजी एवं प्रशासनिक संस्था एवं शहरवासी जुड़े हुए हैं। जिनकी संख्या लगभग 50 हजार है।

## किसी की बनी पहचान

दीपांजलि साहू ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन 18 जून से 20 जून तक कर्नाटक में किया गया। जहां छत्तीसगढ़ की 16 विद्यार्थियों की टीम शामिल हुई। यहां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान दिलाया। इस शानदार प्रस्तुति के लिए बच्चे बीते 2 साल से अभ्यास कर रहे थे। सभी बच्चे सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत हैं। किसी के पिता मजदूर हैं तो किसी के पिता इलेक्ट्रिशियन हैं और किसी के पिता गाड़ी लोडिंग करते हैं। इन बच्चों ने अभावों के बीच कड़ी मेहनत कर मेडल हासिल किया है।

प्रतियोगिता में देशभर से प्रत्येक राज्य के 16 बच्चों की टीम शामिल हुई थी। प्रशिक्षक डॉ.छगन लाला सोनवानी ने बताया, सभी बच्चे स्पर्धा से पहले लगातार तैयारी कर रहे थे। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न योग आसन के नाम लिखकर पर्चा तैयार किया जाता है। पर्चे में जिस आसन का नाम लिखा होगा, वह आसन बच्चे करते हैं। जिस बच्चे की अच्छी प्रस्तुति रहती है, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। क्षेत्रिय शिक्षा संस्थान में कार्यक्रम का समापन हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रुप में भारत सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा सचिव संजय कुमार उपस्थित रहे। अध्यक्षता दिनेश कुमार सकलानी ने की। कोच सूरज यादव, डॉली यादव, महिमा शुक्ला, लक्ष्मण राव भी टीम का टीम का हिस्सा रहे।

**गरीबी से जूझते हुए मजदूर के बच्चों ने दिलाया ओलंपियाड में तीसरा स्थान**

### मजदूर माता-पिता ने बढ़ाया हौसला



**ऋतिक पटले कहते हैं,** मैं 8वीं का विद्यार्थी हूं, मेरी उम्र 13 साल है। बीते 2 साल से योगाभ्यास कर रहा। मेरे पिता शिशुपाल पटले और माता सरीता पटले लेबर हैं। माता-पिता ने उत्साहवर्धन किया। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर भी माता-पिता ने मेरे योग स्पर्धा में साथ दिया।

### अनिवार्य था सूर्य नमस्कार

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने सेट के अनुसार आसन प्रस्तुत किया। जिसमें सूर्य नमस्कार प्रत्येक विद्यार्थी के लिए करना अनिवार्य था। इसमें ताड़ासन, वृक्षासन, उत्कटासन आसन, गरुड़ासन, पश्चिमोत्तानासन, पवन मुक्त आसन , भुजंगासन शलभासन, धनुरासन ,सेतु बंद आसन, त्रिकोणासन , अर्धमत्स्येंद्रासन , कटि चक्रासन, बद्ध पद्मासन ,मत्स्यासन, सुप्तवज्रासन , गोमुखासन, चक्रासन शामिल रहा। हाईस्कूल के छात्रों ने छः सेट में वृक्षासन, हस्तोतानासन, ताड़ासन ,पादहस्तासन, सिंहासन, सर्वांगासन,शलभासन, धनुरासन उष्ट्रासन, त्रिकोणासन, अर्धमत्स्येंद्रासन, उत्तानमडुकासन मडूंकासन, अकर्णधनुरासन, मत्स्यासन, हलासन,कुक्कुटासन, बकरासन ,शीर्षासन व मयूरासन की प्रस्तुति दी।



### पिता के गुरजने के बाद मां ने संभाली जिम्मेदारी

**गितेश्वर निर्मलकर ने बताया,** मैं सरकारी स्कूल में कक्षा 8वीं का छात्र हूं। मेरी बहन नंदनी निर्मलकर और मैं छत्तीसगढ़ से मैसूर स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए शामिल हुए। कुछ सालों पहले मेरी पिता की मृत्यु हो गई, जिसके बाद मेरी मां तीजा बाई निर्मलकर ने हमारी जिम्मेदारी उठाई है। हमारे घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, हमे किराए के मकान में रहना पड़ता है। इस वर्ष मेरी बहन बारहवीं कक्षा में पहुंची है। बीते वर्ष स्कूल में मेरी बहन ने टॉप किया था।

### बीते कई माह से तैयारी



**समर्थ पाध्ये ने कहा,** मैं कक्षा 8वीं का छात्र हूं। स्पर्धा में आने से पहले लगातार कई माह तैयारी की। कुछ सालों पहले योग की जानकारी नहीं थी, लेकिन प्रशिक्षकों ने योग संबंधित जानकारी दी और प्रोत्साहित किया। मेरे पिता मनीष पाध्ये इलेक्ट्रिशियन हैं। माता शिवांगी पाध्ये प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है।

### जीतने से पहले ही दी बधाई



**लव कुमार रहंगडाले-** स्पर्धा में आने से पहले माता-पिता ने बधाई देते हुए, मेडल जीतकर आने की बात कही थी। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर मैंने मेडल हासिल किया है। बीते कुछ साल पहले टायर कंपनी में काम करते हुए, मेरी पिता प्रकाश रहंगडाले के आंख में खराबी आ गई थी। जिसके बाद वर्तमान में मेरे पिता को एक आंख से दिखना बंद हो गया है, लेकिन इसके बाद भी मेरे पिता गाड़ी लोडिंग का काम करते हैं और मुझे इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा। मेरी मां मेघा रहंगडाले मजदूर हैं।

## मौसमी बीमारियों को दूर रखने योग की शरण

### योग गुरुओं ने बताए कारगर साधन, प्राणायाम व अनुलोम-विलोम फायदेमंद



**रायपुर।** कपालभाति, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका का नियमित आधा घंटा योगाभ्यास करने वाले व्यक्ति को मौसमी बीमारी छू भी नहीं पाएगी। जरूरी नहीं कि जिन्हें पेट या श्वास से संबंधित कोई बीमारी है, वे ही इन आसनों का अभ्यास करें। स्वस्थ्य लोग भी अगर योगाभ्यास करते हैं, तो उन्हें किसी भी प्रकार की बीमारी होने की संभावना कम हो जाएगी। यह कहना है योग गुरु केएम अग्रवाल का, वे अभी टिकरापारा स्थित नूतन स्कूल में 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण देने शिविर चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि योग हर मौसम में हर वर्ग के लोगों को करना चाहिए, इससे किडनी की समस्या व पीलिया की शिकायत होने की संभावना कम होती है। बरसात के दिनों में इस तरह की समस्या हमेशा देखने को मिलती है।

### उदर व श्वास के लिए भी फायदेमंद

योग शिक्षिका ज्योति साहू बताती हैं कि संस्कृत में कपाल का अर्थ होता है माथा या ललाट और भाति का अर्थ है तेज। इस प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने से मुख पर आंतरिक प्रभा (चमक) से उत्पन्न तेज बना रहता है। कपाल भाति बहुत ऊर्जावान उच्च उदर श्वास के लिए भी कारगर व्यायाम है। इसे करने कि विधा सिखने के बाद लोग घर में भी योगाभ्यास कर सकते हैं। इससे शरीर को मौमसी बीमारी से बचाने में मदद मिलेगी। योग व्यक्ति में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है।



### धौंकनी की तरह हो जाती है सांस की गति

योग ट्रेनर प्रियंका उपाध्याय बताती है कि भस्त्रिका का मतलब धौंकनी होता है। इस प्राणायाम में सांस की गति धौंकनी की तरह चलती है। यानी श्वास की प्रक्रिया को जल्दी-जल्दी करना ही भस्त्रिका है। इसका अभ्यास करने वाले लोगों को कभी भी श्वास से संबंधित विकार नहीं होगा। अगर किसी को दमा की शिकायत है, तो ऐसे लोग अनुलोम-विलोम का नियमित अभ्यास करके दवा के सेवन से छुटकारा पा सकते हैं। दवा का उपयोग करने से कई तरह के विकार उत्पन्न होते हैं।

## एजुकेशन अपडेट

# 'स्वयं' ने लॉन्च किया योग शिक्षक ट्रेनिंग प्रोग्राम



**रायपुर।** योग शिक्षक बनने के इच्छुक एवं योग के क्षेत्र में रुचि रखने वाले या कार्य करने वाले लोगों के लिए 'स्वयं' पोर्टल में 'योग शिक्षक ट्रेनिंग प्रोग्राम' लॉन्च किया गया है। इस प्रोग्राम के लिए स्वयं की ओर से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। जो भी अभ्यर्थी इसके लिए इच्छुक हैं वे स्वयं की ऑफिशियल वेबसाइट onlinecourses.swayam2.ac.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 30 सितंबर 2024 है। योग शिक्षक ट्रेनिंग प्रोग्राम एक वोकेशनल प्रोग्राम है। इस कोर्स की अवधि 24 सप्ताह तय की गई है। इस कोर्स का लेवल डिप्लोमा है एवं इसके लिए क्रेडिट प्वाइंट 10 निर्धारित हैं। इस कोर्स में आवेदन के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना है। यहां ऑल कोर्स लिंक पर क्लिक करके आगे की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। गौरतलब है कि स्वयं यूजीसी द्वारा ऑनलाइन शिक्षा के लिए प्रारंभ किया गया पोर्टल है।

### नीट पीजी के प्रवेशपत्र जारी, 23 को होगी परीक्षा

आयुर्विज्ञान राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट पीजी 2024 एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए गए हैं। प्रवेश पत्र जारी होने के बाद अब छात्र ऑफिशियल वेबसाइट **natboard.edu.in** पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं। एग्जाम में शामिल होने वाले अभ्यर्थी एग्जाम गाइडलाइंस का अवलोकन अवश्य कर लें। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-पीजी (**NEET PG**) 2024 का आयोजन 23 जून को किया जाना है। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे परीक्षा केंद्र का परिचय कर समय से पहले एग्जाम के लिए घर से निकलें। किसी भी प्रकार से लेट होने पर एग्जाम सेंटर पर अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्धारित दस्तावेज भी छात्रों को अनिवार्य रूप से लेकर जाने होंगे।

## एग्जाम अपडेट

# एसएससी देगा 60 मिनट हल करने होंगे 100 प्रश्न



**रायपुर।** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सेलेक्शन पोस्ट फेज-12 भर्ती का आयोजन 20 से 26 जून तक किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र पहले ही जारी कर दिए हैं, जिसे उम्मीदवार ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को अपने क्षेत्र से संबंधित एसएससी की रीजनल वेबसाइट पर अपने एप्लीकेशन नंबर व डेट ऑफ बर्थ की डिटेल डालकर डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र के साथ-साथ अपनी दो पासपोर्ट साइज फोटो और एक पहचान-पत्र लाना होगा। आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, कॉलेज-स्कूल आइडी कार्ड, आदि मान्य है। उम्मीदवारों के फोटो आईडी कार्ड पर जन्म-तिथि अंकित होनी चाहिए।

### सामान्य बुद्धिमत्ता, संख्यात्मक अभिरूचि व अंग्रेजी भाषा के सवाल

लिखित परीक्षा की अवधि 60 मिनट निर्धारित है, जिसमें उम्मीदवारों को विभिन्न विषयों से कुल 100 प्रश्न हल करने होंगे। इन विषयों में सामान्य बुद्धिमत्ता, सामान्य जागरूकता, संख्यात्मक अभिरूचि और अंग्रेजी भाषा शामिल है। हर सही उत्तर के लिए उम्मीदवारों को 2 अंक दिए जाएंगे, जबकि प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.5 अंक काटा जाएगा। परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की कठिनाई का स्तर उनके संबंधित आवेदन की कटेगरी (मैट्रिक, हायर सेकेंड्री और ग्रेज्यूएट व हायर लेवल) के अनुसार अलग-अलग होगा। परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे उम्मीदवारों को इन निर्देशों के अतिरिक्त एडमिट कार्ड पर दिए गए परीक्षा कक्ष से संबंधित निर्देशों का भी पालन करने कहा गया है। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी एसएससी द्वारा अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## कैंपस लाइव

# रविवि की प्रवेश परीक्षाएं आज समाप्त, मेरिट लिस्ट विभागवार



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि की प्रवेश परीक्षाएं आज समाप्त हो जाएंगी। 19 जून से इसकी शुरुआत हुई थी। परीक्षा परिणाम विभागवार जारी किए जाएंगे। इन परिणामों के आधार पर ही छात्रों की मेरिट लिस्ट जारी होगी। अगले सप्ताह से नतीजे घोषित होने की संभावना है। रविवि ये परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में ले रहा है, जिसमें छात्र स्वयं ही फोन, टेबलेट और लैपटॉप लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को एमएससी फिजिक्स, एमलिब, एमपीएड सहित कई अन्य विषयों की प्रवेश परीक्षाएं हुईं।

### कुलपति डॉ. चंदेल को "कर्नल कमांडेंट" की उपाधि

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा "कर्नल कमांडेन्ट" मानद रैंक प्रदान की गई है। कल 21 जून को डॉ. चंदेल को छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल अजय महाजन कर्नल कमांडेन्ट की मानद उपाधि से अलंकृत करेंगे। कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित अलंकरण समारोह में श्री महाजन द्वारा डॉ. चंदेल को कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि तथा नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा एनसीसी सेवा संचालित करने वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि से सम्मानित किया जाता है। डॉ. चंदेल इस वर्ष छत्तीसगढ़ में एनसीसी कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि से सम्मनित किए जाने वाले एकमात्र कुलपति हैं।

---

● मानसून सक्रिय होने से पहले प्रवासी पक्षियों पलायन, बारिश में माना व टोलाघाट सुरक्षित

# बारिश से पहले प्रवासी पक्षी पैसिफिक गोल्डन ने परिवार संग भरी उड़ान, साइबेरियन ने पेड़ों में बनाया आशियाना

*मौसम बदलने के साथ ही प्रवासी पक्षी भी अपना ठिकाना बदल देते हैं। गर्मी के खत्म होने के बाद और मानसून के पहुंचने से पहले राजधानी के आसपास इलाकों से ठहरे प्रवासियों पक्षियों ने एक बार फिर से नए आशियाने के लिए अपनी उड़ान भरनी शुरू कर दी है। इस क्रम में कई विदेशी पक्षियों के झुंड ने भी पेड़ों में अपना*



**रायपुर।** वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ने विदेशी प्रवासी पक्षियों को कैमरे में कैद किया है। उनका कहना है कि बीते कुछ सालों में विदेशी पक्षियों को छत्तीसगढ़ की आबोहवा खूब भायी है। कुछ पक्षी 6 महीने तो कई साल का अधिकतर हिस्सा यहीं बीता रहे हैं। बारिश से पहले आरंग स्थित कोडार लेकर समेत बारनवापारा के जंगलों के साथ टोलाघाट स्थित पेड़ों में साइबेरियन पक्षियों का नया झुंड देखने को मिला है। इसके अलावा पैसिफिक गोल्डन और ग्रे हेडेड लेपन विदेशी पक्षियों ने मौसम बदलने के साथ ही नए ठिकाने के लिए उड़ान भर ली है।

### बारिश के समय प्रजनन

शहर से जुड़े टोलाघाट में साइबेरियन पक्षियों ने अपना घर बसाया है। पक्षियों के इस झुंड को देखने अब बड़ी संख्या में पर्यटक भी टोलाघाट पहुंच रहे हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि बीते कुछ सालों से साइबेरियन पक्षी टोलाघाट के नदी किनारे पेड़ में अपना बसेरा बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के समय लंबी हवाई यात्रा कर ये पहुंचते हैं और लगभग ठंड तक रहते हैं। गर्मी शुरू होने से पहले ही फरवरी में यह चले जाते हैं। बारिश के समय प्रजनन भी करते हैं।

### जून से हो जाती है पलायन की शुरुआत

बीते 8 सालों वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी कर रहे शिवांशु पांडेय ने बताया, लैडर सैंड प्लोवर, वुड सैंडपाइपर जैसे छोटे और विदेशी पक्षी नवंबर के समय पलायन करते हैं, लेकिन सायबेरियन पक्षी इस बार जून महीने से ही बारिश के पहले रायपुर के आसपास पहुंचने लगे हैं। इन पक्षियों को रहने के लिए यहां सुरक्षित वातावरण और भोजन भी प्रचुर मात्रा में मिल जाता है। बीते दिनों मंदिर हसौद स्थित कठिया डेम में यूरोपियन पाइड हैरियर पक्षी दिखाई दिया। अमलेश्वर स्थित बेलौदी के बांध, पाटन के संतारा बांध और आरंग का कोडार डेम में बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमी प्रवासी पक्षियों को देखने पहुंच रहे हैं। इन जगहों पर हर बारिश में हर साल कैस्पियन सागर, तिब्बत और साइबेरिया से प्रवासी पक्षी आते हैं। बेलौदी के बांधा के निकट पेड़ों में ग्रे हेडेड लैपविंग ने ठंड में इस बार बसेरा बनाया था।

---

# पंडवानी में द्रौपदी स्वयंवर, वेदमती शैली में गायन, बताया संगीत का इतिहास

**रायपुर।** विश्व संगीत दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति निधि द्वारा 'लोक संगीत-हमारी विरासत' का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे कार्यक्रम की शुरुआत वृंदावन हॉल में हुई। आयोजन के दौरान प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। 'फिल्म संसार और छत्तीसगढ़' पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसके लेखक अरविंद मिश्र है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में फिल्म निर्देशक एवं लेखक सतीश जैन, विशिष्ट अतिथि फिल्म नर्माता मनोज वर्मा उपस्थित रहे। अध्यक्षता लक्ष्मी शंकर निगम ने की। इस दौरान डॉ.राकेश तिवारी, अशोक तिवारी, शिवी जोशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विश्व संगीत दिवस : लोकसंगीत की प्रस्तुति



### वाद्ययंत्र के साथ पंडवानी गायन

श्याम सुख दाई हलधर के भाई, भजन बिना मुक्ति नई हो ना... वाक्य से पंडवानी की शुरुआत हुई। गायन के दौरान दोनों हाथ में वाद्ययंत्र के साथ भाव प्रस्तुत करते हुए पंडवानी गायन किया। द्रौपदी स्वयंवर के गायन का अर्थ बताते हुए कहा कि पंचाल देश के राजा द्रुपद ने अपनी बेटी द्रौपदी का स्वयंवर आयोजित किया और देवता, राक्षस, ब्राम्हण, क्षत्रिय सभी को आमंत्रित किया। शर्त रखी कि सोने की मछली के हीरे की आंख को भेदना है, जिसे पानी में प्रतिबिंब के माध्यम से देखा जा सकता था। सभी के असफल होने के बाद अर्जुन ने प्रयास किया और सफल हुआ। जिसके बाद विवाह कराया गया।

### गायन के क्षेत्र में 40 वर्ष का अनुभव

गुरु झाडूराम देवांगन की शिष्या प्रभा यादव ने बताया, 8 वर्ष की उम्र से पंडवानी गायन की शुरुआत की। तीसरी कक्षा के बाद गायन के क्षेत्र में आगे बढ़ने के उद्देश्य से पढ़ाई नहीं की। गायिका ने मंच पर वेदमती शैली में पंडवानी गायन की प्रस्तुति दी, जिसमें द्रौपदी स्वयंवर का वाचन किया गया। वेदमती शैली में वेदों की वाणी के अनुसार पंडवानी की प्रस्तुति दी गई, जिसमें 6 लोगों के समूह ने मंच पर शानदार पंडवानी पेश की।

**छत्तीसगढ़ी फिल्मों के इतिहास पर किताब :** फिल्म संसार और छत्तीसगढ़ पुस्तक के लेखक मिश्र ने बताया, किताब लिखने के लिए एक साल का वक्त लगा। यह प्रतियोगी परीक्षा के प्रतिभागियों के लिए भी फायदेमंद है। किताब में छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री की शुरुआत से लेकर अब तक के सफर को लिखा गया है। जिसके लिए छग की पहली फिल्म के निर्माता, छॉलीवुड के दर्शक और अनुभवी लोगों से बातकर जानकारी एकत्र की गई। इसमें प्रतियोगी परीक्षा के अलावा टॉकिज का इतिहास और छग फिल्म की दशा और दिशा पर जोर दिया गया है।

# अक्षर ज्ञान के साथ प्रौढ़ों को दिया जाएगा डिजिटल व वित्तीय ज्ञान

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरूष एवं महिलाओं को शतप्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 'उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' संचालित किया जाएगा। इस संदर्भ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टर तथा संबंधित अधिकारियों को खत जारी किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है।

**स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश**

खत में कहा गया है कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना और अंक ज्ञान में आत्मनिर्भर होना ही नहीं है, बल्कि इससे भी बढ़कर कार्यात्मकता, सशक्तिकरण तथा आगे सीखते रहना है। साक्षरता एक व्यक्ति के लिए बेहतर आजीविका व अवसरों तक पहुंचने के लिए जरूरी है। समुदाय के लिए समाज की एकता व सबके स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए जरूरी है। अतः साक्षरता के साथ ही अन्य चीजों को भी लोगों तक पहुंचाने कार्य किया जाएगा।

### दिव्यांगजन और ट्रांसजेंडर को प्राथमिकता

वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, मतदान साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता, परिवार कल्याण आदि की जानकारी भी प्रौढ़ों को दी जाएगी। नवसाक्षरों को रोजगार प्रदान करने व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिक्षार्थियों को कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल मनोरंजन एवं स्थानीय रूचि से जुड़ी चीजों से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए अन्य विषय में उन्नत सामग्री प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण में बालिकाओं और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। विशेष आवश्यकता वाले व्यक्ति, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, श्रमिक व मजदूर को भी इसमें प्राथमिकता मिलेगी।

---

## राजधानी में आज से प्रारंभ होगा अघोर महोत्सव, तड़के 4 बजे तक जारी रहेगा हवन-यज्ञ

# अघोर का अर्थ सरल, सबसे कठिन है सरल होने की प्रक्रिया हम परम चेतना के अंश, भोग स्वरूप है शराब का प्याला

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री धाम सुमेरुमठ औघड़नाथ दरबार में अघोर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 21 जून सुबह 4 बजे से 25 जून तड़के 4 बजे तक शक्ति योग ध्यान एवं योनि कुंड हवन श्री यज्ञ साधना की जाएगी। पारद निर्मित रसेश्वर शिवलिंग का अभिषेक रोजाना सुबह 5 बजे किया जाएगा। गौरतलब है कि श्री धाम सुमेरुमठ औघड़नाथ दरबार में स्थित श्रीयंत्र गुम्बद विश्व का एकमात्र अद्वितीय श्री यंत्र है, जिसमें 43 पारद शिवलिंगों की स्थापना है। विगत 10 वर्षों से अघोर महोत्सव मनाया जा रहा है। जहां शक्ति अर्जन आराधना के महावर्प में सम्मलित होकर व्यक्ति योग, बल, स्वास्थ्य, समृद्धि व संपन्नता प्राप्त कर सकता है।



अघोरी रुद्रानंद प्रचण्ड वेग ने बताया, प्रत्येक साल के इन दिनों जब प्रकृति में विशिष्ट ऊर्जामय हलचल होती है। तब असम राज्य के गुवाहाटी में नीलांचल पहाड़ी पर स्थित कामाख्यां सिद्ध योनि शक्तिपीठ में रजस्वला की प्रक्रिया घटित होती है। जिसके चलते अघोर पंथ के परम गुरु सिमरान समाज के संस्थापक बाबा श्री औघड़नाथ ने इन दिनों को अघोर महोत्सव के रुप में शुरु किया।

### पंच सिद्धी काल में यज्ञ

पांच दिवसीय महोत्सव में प्रत्येक दिन पंच सिद्धी काल में व्यक्तिगत रुप से हवन कराया जाएगा। इसमें सुबह 4 बजे, सुबह 10 बजे, शाम 4 बजे, रात्रि 10 बजे और रात्रि 2 बजे अग्निहोत्र की जाएगी। इस दौरान शहरवासी उपस्थित हो सकते हैं। मंदिर परिसर में सतगुरु बाबा श्री औघड़नाथ का अखण्ड चैतन्य धूना है, जो बीते 21 साल से विराजमान है। मध्य भारत का एकलौता पारद शिवलिंग मंदिर परिसर में विराजमान है।

### अपनी वास्तविकता को समझें मनुष्य

मंदिर में शिवलिंग को शराब का प्याला भोग स्वरुप लगाया जाता है, जो समान्य शहरवासियों को प्रसाद स्वरुप नहीं दिया जाता। महोत्सव के दौरान गर्भगृह में मौजूद मूर्तियों की पूजा की जाएगी। यज्ञ के दौरान आंतरिक जाप, सतगुरु बाबा श्री औघड़नाथ की पूजा, ध्यान, जाप, शक्ति अर्जन आराधना करेंगे। उन्होंने कहा, व्यक्ति अपनी वास्तविकता को समझे और यह जाने कि हम उस परम चेतना के अंश हैं। इस सृष्टि के प्रत्येक जीव-जन्तु, मनुष्य इस प्रकृति के अंश है।

### अघोर पंथ में चलती है गुरू-शिष्य परंपरा



हरिभूमि से चर्चा के दौरान रुद्रानंद प्रचण्ड वेग ने बताया, अघोर पंथ में गुरु-शिष्य परंपरा चलती है। गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार प्रत्येक कार्य किया जाता है। 'अघोर का अर्थ सरल है' और सरल होने की प्रक्रिया कठिन होती है। अघौरी बनने के लिए हम गुरु की आज्ञा का पालन करते हैं। सरल होने के लिए हमे गुरु जहां भगवान का ध्यान करने कहते हैं, हम वहा करते हैं। भगवान का ध्यान करने के लिए विशेष स्थान की आवश्यकता नहीं होती। शमशान घाट में बैठकर हम निर्डरता को प्राप्त करते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो में छत्तीसगढ़ को 19 पदक



**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवं स्पोर्टस ताइक्वांडो एसोसिएशन मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में उज्जैन में 12 से 14 जून तक आयोजित 15 वी ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बिलासपुर जिले के 24 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 19 पदकों पर कब्जा जमाया। छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने बताया कि स्पर्धा में बिलासपुर जिले के अंदर संचालित पुलिस स्टेडियम ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ी एवं गजानन ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 5 रजत एवं 9 कास्य पदक प्राप्त किए हैं। टीम के मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में पदक विजेता खिलाडियो में स्वर्ण पदक में प्रतिष्ठा गोस्वामी,पुनीता यादव,कशफ शकील,शिफा शकील,प्रज्ञा मिश्रा और रजत पदक में दिया गोस्वामी,खुशी सिंह,अविनाश रात्रे, एंजेल आस्था शर्मा और कांस्य पदक में हिमांशुपुरी गोस्वामी, अतुलित तिवारी, अनंत्य गुप्ता, तुषार निनामा, ललिता लहरे, आर्या देशपांडे, अस्मि नंदा, आयुष सिंह और आर्यन साहू शामिल हैं। राज्य टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। टीम मैनेजर वेद प्रकाश जायसवाल एवं महिला कोच श्रुति देशपांडे थी, जिनके नेतृत्व उपरोक्त खिलाड़ियों ने सफ़लता प्राप्त किए। पदक विजेता खिलाडियो को छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के मुख्य संरक्षक धरमलाल कौशिक, अध्यक्ष मनोज भिवगड़े, उपाध्यक्ष रामदेव कुमावत, सलाम रिजवी, मख्मूर खान एवं संघ के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

### जूनियर नेशनल रग्बी में राज्य की गर्ल्स टीम पहुंची क्वार्टर फ़ाइनल में



**रायपुर।** जूनियर नेशनल रग्बी फुटबाल प्रतियोगिता पुणे के बालाबाड़ी खेल मैदान में 19 व 20 जून को आयोजित की गई। जिसमे छत्तीसगढ़ बालिका टीम स्पर्धा में हिस्सा लेते हुए अपने पहले मैच में हिमाचल प्रदेश को 14-0 से परास्त किया। रग्बी फुटबाल बालिका वर्ग में कल छत्तीसगढ़ ने विजयी आगाज के साथ छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने तीनों मुकाबले जीत कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। कोच शिवेंद्र यादव ने बताया कि टीम जीत की ओर अग्रसर होते हुए खेल रही है। इससे उनके आगे के सभी मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। नौवीं सीनियर पुरुष नेशनल रग्बी 7 साइड प्रतियोगिता पुणे महाराष्ट्र में 29 जून से 30 जून तक आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ रग्बी टीम भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कोरबा जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन कोरबा की ओर से तीन दिवसीय रग्बी राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 24 जून से 26 जून तक खेल मैदान रग्बी स्टेडियम पाली कोरबा में किया जा रहा है। सभी चयनित खिलाड़ीयो का जिला संघ द्वारा रुकने व भोजन की व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों को 23 जून 5 बजे तक कोरबा में सद्भावना भवन पुराना बस स्टैंड में रिपोर्टिंग करना है।

### जूनियर नेशनल डॉजबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम घोषित



**रायपुर।** नेशनल डॉजबॉल चैंपियनशिप का आयोजन मंडी हिमाचल प्रदेश में 4 से 7 जुलाई तक किया जा रहा है। डॉजबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों की बालक एवं बालिकाओं की टीम भाग ले रही है। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम भी हिस्सा लेगी। जसके लिए टीम का सलेक्शन ट्रायल्स कुछ पिछले दिनों किया गया जिसमें चयनित खिलाड़ियों की प्रैक्टिस के लिए शिविर भिलाई स्पोर्ट्स अकादमी सेक्टर-2 में किया गया।

छत्तीसगढ़ डॉज बॉल टीम में बॉयज़ टीम में मोहनीश कुमार साहू, गुनती मोहित कुमार, अवनीश यादव, छत्रपाल पटेल, किशन गुप्ता, कनिष्क विश्वकर्मा, तनिष्क विश्वकर्मा, विश्वास पाटिल, अथर्व कश्यप, मानव कश्यप, अरनव अग्रवाल, सुजल साहो और आयुष तथा गर्ल्स टीम में शिखा चौधरी, नेहा सोनकर, गुंजा सोनकर, साक्षी वर्मा, टीशा पटेल, राशि कारिया, दिव्या प्रीति, हरजीत और सोनिया शामिल हैं। टीम कोच नेहा कौर और मैनेजर विनय साहू है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ के महासचिव के अहमद ने दी।

### बारिश के इंतजार में धूप से हलाकान हैं लोग, सावधानी बरतें

# ज्यादा गर्मी डालती है सीधे आपके दिमाग पर असर, डिप्रेशन और आत्महत्या का खतरा

देश के कई राज्य इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप झेल रहे हैं। छत्तीसगढ़ सहित पूरा भारत मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। शाम को बादल बरस कर शांत हो रहे हैं और दिन भर तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार कई राज्यों में अगले पांच दिनों तक लू की स्थिति जारी रह सकती है। कई हिस्सों में हल्की बारिश और आंधी के कारण तापमान में थोड़ी गिरावट जरूर आई है, हालांकि ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को उच्च तापमान-लू के कारण होने वाली दिक्कतों से बचे रहने के लिए निरंतर सावधानी बरतते रहने की सलाह दी है। हीटवेव के कारण न सिर्फ हीट स्ट्रोक और रक्तचाप से संबंधित समस्याओं का खतरा रहता है साथ ही ये मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि अत्यधिक गर्मी, चिड़चिड़ापन और अवसाद के लक्षणों और आत्महत्या के मामलों को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। जिन लोगों को पहले से ही चिंता-तनाव या अवसाद जैसी समस्या रही है उन्हें उच्च तापमान से बचाव करते रहना और भी जरूरी हो जाता है।



### गर्मियों में बढ़ जाते हैं चिंता-तनाव के मामले

क्या आप भी गर्मी की तपती धूप में बाहर निकलते समय गुस्से या अचानक मूड में बदलाव का अनुभव कर रहे हैं? अगर हां, तो आप अकेले नहीं हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि अत्यधिक गर्मी हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है, जिससे गुस्सा, हताशा और अवसाद के मामले बढ़ सकते हैं। इतना ही नहीं जिन लोगों को पहले से ही अवसाद और गंभीर मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कतें रही हैं उनमें गर्मी के दिनों में आत्महत्या के मामले भी बढ़ते हुए देखे जाते रहे हैं। आखिर गर्मी का मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर होता है? आइए इस बारे में मनोचिकित्सक से समझते हैं।

### उच्च तापमान का मानसिक स्वास्थ्य पर असर

भोपाल स्थित एक अस्पताल में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी बताते हैं, जब हमारा शरीर उच्च तापमान के संपर्क में आता है, तो वह पसीने का उत्पादन करके और रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करके स्वयं को ठंडा करने की कोशिश करता है। हालांकि जब आप लंबे समय तक अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहते हैं तो यह मस्तिष्क के रसायनों जैसे सेरोटोनिन और डोपामाइन के काम करने के तरीके को भी बदल सकती है। ये स्थिति हमारे मूड को प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि गर्मियों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा आने, चिंता-तनाव जैसे विकारों के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इसके अलावा गर्मी के कारण थायराइड हार्मोन का उत्पादन को प्रभावित हो सकता है, जिससे थकान, अवसाद और स्पष्ट रूप से सोचने में समस्या हो सकती है।

### गर्मियों में बढ़ जाते हैं आत्महत्या के मामले

डॉ सत्यकांत बताते हैं, दुनियाभर में अधिक तापमान वाले दिनों में आत्महत्या के मामले भी अधिक रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। यूरोपीय देशों में भी बढ़ती गर्मी और आत्महत्याओं के बीच संबंध पाया गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वेबसाइट द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि उच्च तापमान, आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयासों को बढ़ाने वाला हो सकता है। औसत मासिक तापमान में हर 1C की वृद्धि मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मौतों में 2.2% की बढ़ोतरी का कारण बन सकती है। सेरोटोनिन की कमी के कारण मानसिक स्वास्थ्य विकारों के लक्षण बिगड़ने लगते हैं जिसके कारण इस तरह की गंभीर समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

डॉ सत्यकांत बताते हैं, गर्मियों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने का एक कारण नींद से संबंधित समस्या भी मानी जाती है। जोखिमों को कम करने के लिए नींद को प्राथमिकता दें। सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त आरामदायक नींद मिले।





## पोस्ट वर्कआउट स्किन केयर टिप्स देंगे आपको हेल्दी लुक

एक अच्छे वर्कआउट के फायदे वाकई बेशुमार होते हैं। ये आपकी मांसपेशियों को मजबूत और अच्छी तरह से फैला हुआ महसूस करवाती है। इसके अलावा, एंडोर्फिन की बढ़ी हुई मात्रा आपके मूड को वाकई बेहतरीन बनाती है।

आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने को सर्वश्रेष्ठ महसूस करते हैं। आप की भीतर अच्छे वर्कआउट से इतनी ऊर्जा आ जाती है कि, आप दुनिया जीत सकते हैं। हालांकि, एक बात और है जिसके बारे में ज्यादातर लोग न तो जानते हैं और न ही बात करते हैं।

महज एक घंटे के हाई इंटेंसिटी वाले वर्कआउट में इतना पसीना और सीबम निकलने के बाद आपकी त्वचा खराब हो जाती है। इससे आपकी त्वचा की सतह पर धूल, गंदगी और प्रदूषण की संभावना अधिक होती है।

यदि आप इसके बारे में तुरंत कुछ नहीं करते हैं, तो यह त्वचा की गंभीर समस्याओं जैसे लालिमा, चकत्ते और अन्य संक्रमण की वजह हो सकता है। यही कारण है कि कोई भी वर्कआउट करने के बाद स्किन की देखभाल का रूटीन बनाना भी बहुत जरूरी है।

हालांकि, बहुत से लोग समय रहते इस पर ध्यान नहीं देते हैं और बाद में परिणाम भुगतते हैं। इसलिए बहुत देर हो जाने से पहले अपनी त्वचा की देखभाल और देखभाल करें।

इसलिए, इस आर्टिकल में हम आपको 5 पोस्ट वर्कआउट स्किन केयर टिप्स के बारे में जानकारी देंगे। इन उपायों को अपनाकर आप भी शरीर की तरह ही स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रख सकते हैं।



**स्टीम लेनाः** कठिन वर्कआउट रूटीन के बाद निकलने वाला पसीना और सीबम आपकी त्वचा के छिद्रों को बंद कर सकते हैं। इससे लोगों के चेहरे में मुंहासे पैदा होने की समस्या भी हो सकती है। ये मुंहासे तब तक ठीक नहीं होते हैं, जब तक कि आप उनसे छुटकारा पाने के लिए कुछ नहीं करते।

उन्हें अपने चेहरे से दूर रखने का सबसे सुरक्षित और कारगर तरीका भाप लेने का रहा है। यह आपके छिद्रों को खोलता है और उसमें जमा सभी गंदगी और बैक्टीरिया को बाहर निकालना आसान बनाता है।

यदि आप जिम में वर्कआउट करते हैं और वहां पर सौना बाथ की सुविधा है तो, वर्कआउट के बाद वहां पर 15 मिनट का समय जरूर बिताएं। यदि नहीं, तो घर पर स्टीमर का उपयोग करें। यह आपकी त्वचा को साफ और स्वच्छ रखने में मदद करेगा।

यदि ये दोनों ही चीजें आपको उपलब्ध नहीं हैं तो, वर्कआउट के बाद मोटे तौलिया को गर्म पानी में भिगोकर निचोड़ लें। इस गर्म-गर्म तौलिया को अपने शरीर पर लपेटकर रखें। 5 मिनट के अंतर पर दोबारा तौलिया को गर्म पानी में डालकर निचोड़ लें। यकीन जानिए, ये तरीका बेहतरीन फीलिंग देगा।

**एक्सफोलिएट करें :** स्टीमिंग, जैसा कि ऊपर हमने बताया है कि, बंद रोमछिद्रों को खोलता है और आपकी त्वचा को कोमल और चिकना बनाता है। परिणामस्वरूप, अब आपके चेहरे पर जमे किसी भी अवांछित पदार्थ को निकालना सरल हो गया है।



## अखंड सौभाग्य की कामना का व्रत वट पूर्णिमा आज, जानिए पूजाविधि



वट सावित्री व्रत अमावस्या की तरह ही ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को वट पूर्णिमा का व्रत किया जाता हैं। इस व्रत की तिथि को लेकर भिन्न मत हैं। करवाचौथ की तरह ही पति की दीर्घायु और सुहाग की रक्षा के लिए वट सावित्री व्रत रखा जाता है। वट सावित्री व्रत अमावस्या की तरह ही ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को वट पूर्णिमा का व्रत किया जाता हैं। इस व्रत की तिथि को लेकर भिन्न मत हैं। स्कंद पुराण तथा भविष्योत्तर पुराण के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यह व्रत करने का विधान है, वहीं निर्णयामृत आदि के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या को व्रत करने की बात कही गई है। इस बार 'वट सावित्री पूर्णिमा'का व्रत 21 जून, शुक्रवार को रखा जाएगा।

इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर घर की साफ-सफाई करें। फिर स्नान-ध्यान कर पवित्र, स्वच्छ और सुन्दर वस्त्र धारण करें। इस दिन सोलह श्रृंगार करना अति शुभ माना जाता है। इसके बाद सबसे पहले सूर्यदेव को अर्घ्य दें। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन स्त्रियां उपवास रखकर बरगद वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा आराधना करती हैं। पूजा के समय महिलाओं को शुद्ध जल और कच्चा दूध से वट वृक्ष को सींच कर वृक्ष के तने में कच्चा सूत या लाल मौली लपेटकर कम से कम सात प्रदिक्षणा करनी चाहिए। एक बांस की टोकरी में सात तरह के अनाज रखें व दूसरी टोकरी में सावित्री की प्रतिमा रख कर जल, अक्षत, कुमकुम से उनकी पूजा करें।

जो नारी प्रार्थना करके दूसरे दिन सुवासिनी स्त्रियों को भोजन कराने के पश्चात स्वयं भोजन करती है और अपनी क्षमता के अनुसार दान दक्षिणा देते हुए अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं वह सदा सौभाग्यवती बनी रहती है,ऐसी शास्त्रों में मान्यता है।

## बीच की उंगली में क्यों नहीं पहनते हैं सोने की अंगूठी, जानिए कारण

ज्योतिष शास्त्र में यह बताया गया है कि बीच वाली उंगली, यानी मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए। इसलिए यह जरूर जानिए कि आखिर क्यों मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए।

सोना एक खास धातु है जिसे कई लोग शुभ और फायदेमंद मानते हैं। कुछ लोगों का ये भी कहना है कि सोना सूर्य का धातु है और ये हमें ताकत देता है। मान्यताओं के अनुसार सोने की अंगूठी पहनने से सेहत और भाग्य दोनों ही अच्छा रहता है। मगर अक्सर आपने सुना होगा कि मध्यमा उंगली यानी बीच वाली उंगली में सोने की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए। वैसे तो आमतौर पर लोग अनामिका उंगली में अंगूठी पहनना पसंद करते हैं लेकिन कुछ लोग मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी पहनना चाहते हैं। मगर ज्योतिष शास्त्र में इसे गलत माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में ये भी बताया गया है कि मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी से अशुभ फल मिल सकते हैं।

ज्योतिष के अनुसार, सोना सूर्य ग्रह का कारक माना जाता है और वहीं मध्यमा उंगली शनि ग्रह से जुड़ी हुई है। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य और शनि को एक-दूसरे का शत्रु माना जाता है। इसलिए, मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी पहनने से अशुभ फल मिल सकते हैं। यही कारण है कि बड़े-बड़े ज्योतिष भी मध्यमा उंगली में अंगूठी पहने से मना करते हैं।



**सोने की अंगूठी मध्यमा उंगली में पहनने के नुकसानः** सूर्य ग्रह को ग्रहों का राजा माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार इससे हमें आत्मविश्वास, सम्मान, शक्ति और खुद पर नियंत्रण रखने की क्षमता मिलती है। वहीं शनि ग्रह मेहनत, अनुशासन और व्यवस्था के प्रतीक माने जाता है। चूंकि ये दोनों ग्रह एक-दूसरे के विरोधी हैं, इसलिए इनकी अंगूठी एक साथ पहनने से इनके सकारात्मक प्रभाव कम हो जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी पहनने से धन और करियर से जुड़ी दिक्कतें आ सकती हैं। माना जाता है कि मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी पहनने से शादीशुदा जिंदगी में भी परेशानी आ सकती है।

कार्नर न्यूज

### गर्मी में खाना खराब होने से बचाने जरूर करें उपाय

# दूध से लेकर सब्जी तक, ऐसे पता लगाएं खाना खराब है या नहीं

इतनी गर्मी है और ऐसे में खाने की सबसे ज्यादा बर्बादी होती है। आप इन दिनों कोई भी चीज फ्रिज से कुछ देर के लिए बाहर रख दें, तो शाम तक उसमें से बदबू आने लगती है। आज चलिए आपको बताएं कि आप स्पॉइलेज का पता कैसे लगा सकते हैं। इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है कि चारों तरफ लोग त्राही-त्राही का जाप कर रहे हैं। गर्मियों में सबसे ज्यादा नुकसान खाने का होता है। फ्रिज बंद हो जाए या खाना आप कुछ देर के लिए बाहर रख दें, तो उसे खराब होने में देर नहीं लगती। हालांकि, कई बार लोग यह अंदाजा नहीं लगा पाते हैं कि खाना खराब है या नहीं। खाने में जरा-सी भी स्पॉइलेज हो, तो उसे खाने से फूड पॉइजनिंग हो सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि आप तरह-तरह की चीजों में स्पॉइलेज कैसे देख सकते हैं।



**ऐसे लगाएं खाने की स्पॉइलेज का पता**

**बदबू से पता चलेगा**

**अगर खाने से खट्टी और बासी गंध आ रही है, तो यह इस बात का संकेत है कि खाना खराब हो गया है।**

**मोल्ड देखकर पता लगेगा**

खाने की सर्फेस पर यदि जरा भी हरा या नीलापन दिखने लगे, तो समझ लें कि वो फफूंद है। अगर आपको ग्रेवी या सब्जी में कहीं भी मोल्ड दिखे, तो उसे तुरंत फेंक दें।

### खाने का रंग देखकर पहचानें

नॉन-वेज फूड अक्सर रंग में अलग दिखने लगता है। मीट या सीफूड खराब होने पर नीला या काला पड़ने लगता है। वहीं, फल और सब्जियां भूरी और पीली पड़ने लगती हैं। ये संकेत हैं कि आपका फूड आइटम खराब हो सकता है।

चिपचिपापन देखकर पता लगाएं

मांस, चिकन या सीफूड के ऊपर चिपचिपी परत बनने लगती है। यह दर्शाता है कि उसमें बैक्टीरिया का विकास हो चुका है। ऐसी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। इन फूड प्रोडक्ट्स में स्पॉइलेज ऐसे करें पता

### डेयरी प्रोडक्ट्स

दूध में अक्सर खट्टी गंध आने लगती। इसके अलावा यदि दूध गाढ़ा दिखने लगे, तो उसे एक बार हिलाकर देखें। उसमें से गंध आना ही संकेत है कि दूध खराब हो चुका है। आप दूध को हल्का गर्म भी कर सकते हैं। फटे हुए दूध को उपयोग न करें।

पनीर सॉफ्ट होता है, लेकिन यदि अगर पनीर में फफूंद दिखने लगे या वो सख्त हो जाए, तो समझिए कि पनीर खराब हो गया है। इसके अलावा उसके स्वाद में भी एक खटास आ जाती है। ऐसे में पनीर का सेवन बिल्कुल न करें। दही का स्वाद बहुत ज्यादा खट्टा होने के साथ उसमें से गंध आने लगती है। इसमें पानी-पानी होने लगता, जो यह बताता है कि दही खराब हो चुकी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्माइल 2' के ट्रेलर को देखकर मुस्कुराना भूल जाएंगे, अक्टूबर में होगी रिलीज



हॉरर फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए जबरदस्त खबर आई है। 'स्माइल 2' का टीजर ट्रेलर रिलीज हो चुका है। साथ ही साथ फिल्म के मेकर्स ने रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज जैसे स्टार्स से सजी इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर रूह कांप जाएगी। इस साल अक्टूबर में यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज की फिल्म 'स्माइल 2' का निर्माण पैरामाउंट ने किया है। यह फिल्म सस्पेंस और हॉरर फिल्म 'स्माइल' की सीक्वल है। 'स्माइल 2' के ट्रेलर की शुरुआत स्माइल एंटिटी के वापस आने से होती है। ट्रेलर के पहले ही दृश्य में लुकास गेज बिल्कुल उसी डरावनी मुस्कान के साथ नजर आ रहे हैं जिसे देखकर दर्शकों की धड़कने रुक जाएगी। 'स्माइल 2' के टीजर ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म कितनी डरावनी होने वाली है। इस फिल्म एक एक दृश्य में लुकास गेज खुद को मारने की कोशिश करते हैं और फिर उसके बाद उनके चेहरे पर वही मौत वाली स्माइल नजर आती है, जिसे देख कर फिल्म में स्काई की भूमिका निभा रही नाओमी स्कॉट डर जाती हैं। ट्रेलर को देखकर लगता है कि नाओमी स्कॉट फिल्म में रॉकस्टार की भूमिका निभा रही हैं। 'स्माइल' फिल्म में दुख और आघात को मूल रूप से दिखाया गया था। वहीं 'स्माइल 2' का टीजर ट्रेलर उसी कहानी को आगे बढ़ाती नजर आती है। हालांकि 'स्माइल' के अंत में फिल्म का कोई किरदार जिंदा नहीं बचा था, लेकिन उसका अंत काफी चौकाने वाला था। अब 'स्माइल 2' के ट्रेलर को देखकर लग रहा है कि वह एंटिटी लौट आई है जिसे देखकर लोग खुद से खुद को नुकसान पहुंचाने लग जाते हैं। 'स्माइल 2' के टीजर को देखर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं फिल्म के मेकर्स के ट्रेलर रिलीज के साथ फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया है।

### टॉलीवुड

## 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज, शुरू हुई 'मटका' की शूटिंग



अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम 'मटका' है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं। वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, ₹175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। 'मटका' के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!₹ 'मटका' फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी। फिल्म का निर्माण व्यारा एंटरटेनमेंट और एसआरटी एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। वहीं, फिल्म में संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार की धुनें सुनने मिलेंगी। अब चूंकि 'मटका' की शूटिंग चालू हो चुकी है तो जाहिर है कि आने वाले दिनों में फिल्म से जुड़े कई अपडेट मिलने वाले हैं। वरुण तेज की पिछली दो फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन किया था। उनकी पिछली फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' थी, जो टिकट खिड़की पर फ्लॉप साबित हुई। इससे पहले उनकी फिल्म 'गांडीवधारी अर्जुन' आई थी। इस फिल्म का भी बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। ऐसे में अब वरूण तेज 'मटका' फिल्म से वापसी करना चाहेंगे।

### भोजपुरी

## अरविंद अकेला की 'कलयुगी ब्रह्माचारी 2' का ट्रेलर को देख आएगी अक्षय की 'लक्ष्मी' की याद



अरविंद अकेला कल्लू और ऋचा दीक्षित स्टारर फिल्म 'कलयुगी ब्रह्मचारी 2' लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है। इस मूवी का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। हालांकि फिल्म कब रिलीज होगी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। मगर इसे देखने के बाद आपको अक्षय कुमार की 'लक्ष्मी' की याद जरूर आएगी। भोजपुरी एक्टर अरविंद अकेला कल्लू और ऋचा दीक्षित स्टारर फिल्म 'कलयुगी ब्रह्मचारी 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस मूवी को लेकर लगातार चर्चा हो रही थी। कई झलकियां भी देखने को मिली थी। अब ट्रेलर में दोनों की जबरदस्त केमेस्ट्री और रोमांस देखने को मिल रहा है। इस मूवी को अनिल कुमार उपाध्याय ने डायरेक्ट किया है। इन्होंने इसे प्रोड्यूस भी किया है। फिल्म 'कलयुगी ब्रह्माचारी 2' में अरविंद पर भूत-प्रेत का साया होता है। जिससे हर कोई परेशान रहता है। वह माथे पर बिंदी लगाए परिवारवालों को धमकाते दिखाई देते हैं कि जो उनकी बात नहीं मानेगा, उसकी जान जाएगी। वह लोगों के सामने आकर ये बोलते हैं कि वह चाहते हैं कि इस घर में किसी की शादी भी न हो।

## लाइफ स्टाइल

### रिसाइकिल ब्रांड की धूम



जर्मनी में बर्लिन फैशन लेबल एवेनियर ने लोब ब्लॉक में बर्लिन फैशन वीक में अपना स्प्रिंग समर संग्रह प्रस्तुत किया। यहां रिसाइकिल ब्रांड की धूम मची है। अपने इस इंस्टॉलेशन ₹मेटामोर्फोज़र₹ शो में ब्रांड ने अपसाइक्लिंग और रीसाइक्लिंग ब्रांड के अपने मिशन को भी स्पष्ट किया। ब्रांड की कोशिश है कि कपड़ों का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें और रिसाइकिल कर पहनें। फैशन उद्योग के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को मौजूदा कपड़ा (बचे हुए) का उपयोग कर रोका जाना चाहिए ताकि कोई कपड़ा अपशिष्ट पैदा न हो। लेबल के नाम के अनुसार, फैशन भविष्य के दृष्टिकोण और टिकाऊ औद्योगिक अवधारणाओं का प्रतीक है।

## माथे की झुर्रियों से छुटकारा कैसे पाएं?



लगातार चिंता करने और दिमाग पर जोर पड़ने से माथे पर सिलवटें पड़ जाती हैं। लेकिन बढ़ती उम्र और स्किन में लचीलापन कम होने, धूप में ज्यादा रहने और जेनेटिक्स की वजह से भी स्किन में झुर्रियां पड़ने और माथे पर बल पड़ने की समस्या हो सकती है। माथे की झुर्रियों को कम करने के लिए जरूरी लाइफस्टाइल चेंज और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स के बारे में आपको जानना जरूरी है।

### धूप से बचकर रहें

सूरज की पराबैंगनी किरणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने से समय से पहले बुढ़ापा और झुर्रियां पड़ जाती हैं। शोध के अनुसार, एसपीएफ 15 या उससे अधिक सनस्क्रीन का दैनिक उपयोग त्वचा की उम्र बढ़ने को धीमा करता है और काले धब्बे और झुर्रियों के जोखिम को कम करता है।

### तनाव कम लें

चिंता करने से आपके माथे पर झुर्रियां पड़ जाती हैं, जिससे माथे पर झुर्रियां पड़ जाती हैं। सभी प्रकार के तनाव से छुटकारा पाना कठिन है, लेकिन इसे नियंत्रण में रखना महत्वपूर्ण है। तनाव को मैनेज करने में मदद के लिए निम्नलिखित उपायों को आजमाया जा सकता है। जैसे,मेडिटेशन करना,योग का अभ्यास,डायाफ्रामिक श्वासअरोमा थेरेपी,स्वस्थ आहार लेना, पर्याप्त नींद लेना,डॉक्टर से बात करना और रोजाना व्यायाम करना शामिल है।

### खूब पानी पिएं

रूखी त्वचा में झुर्रियों की समस्या कहीं अधिक होती है। अच्छी तरह से हाइड्रेटेड त्वचा माथे की झुर्रियों को कम करने में मदद करती है। हालांकि, अंदर और बाहर दोनों तरफ से स्किन को हाइड्रेट करना महत्वपूर्ण है। अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहने के लिए, हर दिन कम से कम आठ 8 गिलास तरल पदार्थ पिएं। जब आप व्यायाम करते हैं, या धूप में समय बिताते हैं, तो आपको अधिक पीने की आवश्यकता होगी। आप नींबू या फ्रूट इन्फ्यूजर का उपयोग करके अपने पानी का स्वाद भी बदल सकते हैं।

## उमसभरे मौसम में लड़कियों को भा रहे नए फ्लोरल प्रिंट




इन दिनों मौसम उमस भरा है। बारिश पूरी तरह नहीं हो रही है और गर्मी की तपिश जारी है। ऐसा उमस भरा मौसम आपको हल्के कपड़ों की ओर ले जाता है। ऐसे में आरामदायक कपड़ों में फ्लोरल आउटफिट्स न केवल सुकून देंगे, बल्कि आप खूबसूरत भी दिखेंगी। इस मौसम में फ्लोरल प्रिंटेड आउटफिट्स का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। आम महिलाओं से लेकर सेलिब्रिटीज तक फ्लोरल प्रिंटेड कपड़ों की दीवानी हो रही हैं। ये आउटफिट्स आरामदायक होने के साथ-साथ फैशनेबल भी लगते हैं।

### सस्ते दामों में उपलब्ध



आरामदायक और स्टाइलिश फ्लोरल प्रिंट आउटफिट आपके बजट में हैं, जो कि बहुत महंगे नहीं आते हैं। खास बात यह है कि आपको कहीं भी बाजार में फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट बहुत ही सस्ते दामों पर मिल जाएंगे। इनको खरीदने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत भी नहीं है। ये आउटफिट्स न केवल देखने में काफी खूबसूरत होते हैं, बल्कि इनको कैरी करना भी बेहद आसान होता है।

### ट्रेंड में साड़ियां

फ्लोरल साड़ियां आजकल अपने स्टाइल की वजह से काफी पसंद की जा रही हैं। ऐसे में आप इनको इस मौसम में पहन सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट की साड़ियों में आप अपने बालों को खुला रखें और लाइट ज्वेलरी का इस्तेमाल करें। फ्लोरल प्रिंट साड़ियों के साथ लाइट ज्वेलरी आपको एक प्यारा लुक देती है और आप खास नजर आती हैं।

### लॉन्ग एवं शॉर्ट ड्रेस

अगर आप किसी दिन की पार्टी में सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो फ्लोरल प्रिंट लॉन्ग या शॉर्ट ड्रेस आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकती है। बस, आप इसके साथ हेयर स्टाइल का खास ध्यान रखें।

### अनारकली सूट

यह सभी तरह की महिलाओं के लिए एक बेहतरीन आउटफिट है। इसे आप अपने घर के कार्यक्रमों के साथ ही बाहर पार्टी में भी पहन सकती हैं। अनारकली शूट बहुत ग्रेसफुल होता है, इसलिए आप इसे बिना किसी ज्वेलरी के भी पहन सकती हैं।

## पसंद नहीं बैकलेस ब्लाउज तो बनवाएं ऐसे डिजाइन, सुंदर लगेगा पूरा लुक



जिस तरीके से फैशन ट्रेंड बदलता है। वैसे ही हर कपड़े का ट्रेंड भी चेंज होता रहता है। यही वजह है कि ब्लाउज के डिजाइन भी हर दिन बदलते नजर आते हैं। किसी को डीप नेकलाइन वाले ब्लाउज पहनने पसंद होते हैं, तो कई अपने लिए बैकलेस ब्लाउज सर्च करता है। लेकिन कुछ समय बाद यही ट्रेंड गायब होता नजर आता है। बैकलेस ब्लाउज को भी आजकल लड़कियां साड़ी के साथ पहनना ज्यादा पसंद नहीं करती हैं। अगर आपको भी बैकलेस ब्लाउज पसंद नहीं आ रहे हैं, तो इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए डिजाइन को ब्लाउज में क्रिएट कर सकती हैं। इससे लुक अच्छा लगेगा।

### चेन बैक ब्लाउज डिजाइन

अगर आपको बैकलेस ब्लाउज पसंद नहीं है, या यह साड़ी के साथ पहनने पर अजीब लगता है, तो इसके लिए आप चेन डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज राउंड नेकलाइन के साथ तैयार किए जाते हैं। इसमें आगे की तरफ नहीं पीछे की तरफ चेन का डिजाइन दिया जाता है। इससे ब्लाउज फैंसी और खूबसूरत लगते हैं। इस तरह के ब्लाउज को आप प्रिंटेड कपड़े में भी तैयार करा सकती हैं। साथ ही, चाहें तो प्लेन कपड़े में भी डिजाइन करा सकती हैं। मार्केट में आपको यह 200 से 250 रुपये में रेडीमेड भी मिल जाते हैं।

**बटन डिजाइन के साथ बैक ब्लाउज डिजाइनः** अगर आपको कुछ नया डिजाइन क्रिएट करना है, तो इसके लिए आप ब्लाउज को बैकलेस बनवाने की जगह बटन के साथ इस डिजाइन को क्रिएट कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे ब्लाउज में शर्ट की तरह से बटन मिलेंगे। यह दिखने में फैंसी लगेंगे।

## सूट और साड़ी हर किसी पर अच्छी लगेंगी चांदबाली, आप दिखेंगी बेहद खूबसूरत

जब भी हम कहीं बाहर जाने के लिए तैयार होते हैं, तो अक्सर अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी सर्च करते हैं। किसी को हैवी नेकलेस सेट पहनना पसंद होता है, तो कोई अपने लिए लाइट वर्क वाली ज्वेलरी पहनना पसंद करता है।

### फ्लोरल डिजाइन वाली चांदबाली

अगर आप सिंपल या प्रिंटेड साड़ी और सूट वियर कर रही हैं, तो इसके साथ आप फ्लोरल डिजाइन वाली चांदबाली को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका पूरा लुक अच्छा लगेगा। इसमें आपको ऊपर के डिजाइन में फ्लोरल पैटर्न मिलेगा। वहीं नीचे के डिजाइन में आपको स्टोन और पर्ल मिलेगा। इससे चांदबाली हैवी लगेगी। आप इस तरह की डिजाइन वाली इयररिंग्स को किसी भी ओकेजन पर पहन सकती हैं। यह आपको मार्केट में 250 से 300 रुपये में मिल जाएगी।

### पर्ल डिजाइन वाली चांदबाली



आप अपने सूट और साड़ी लुक के लिए पर्ल डिजाइन वाली चांदबाली को भी वियर कर सकती हैं। यह भी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इसके लिए आप पूरे इयररिंग्स में पर्ल का डिजाइन ले सकती हैं। जिसे आप ऑर्गेंजा फैब्रिक या कॉटन फैब्रिक के आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स आपको मार्केट में 200 से 400 रुपये में मिल जाएंगे।

### क्लासिक चांदबाली डिजाइन

अगर आपको क्लासिक डिजाइन में कोई इयररिंग्स चाहिए, तो इसके लिए आप इस तरह के चांदबाली को वियर कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### बेजान और थकी हुई स्किन कोई नहीं चाहता, अपनाएं उपाय

*तेज रफ्तार लाइफस्टाइल, केमिकल एक्सपोजर, मेकअप और प्रदूषण के कारण रोमछिद्र बंद हो सकते हैं और स्किन बेजान दिख सकती है। लेकिन, शरीर को हेल्दी रखने के लिए हेल्दी और ग्लोइंग स्किन बहुत जरूरी है। अगर आप ये मानते हैं कि, डिटॉक्स शब्द का मतलब सिर्फ शरीर को शुद्ध या डिटॉक्स करने से ही है तो आपको फिर से सोचने की जरूरत है। जितनी जरूरी शरीर को डिटॉक्स करना है। उतना ही जरूरी स्किन को डिटॉक्स करना भी है।*

## खूबसूरत और जवां दिखने की चाहत में स्किन डिटॉक्स बन गई जरूरत



### स्किन डिटॉक्स करने का मतलब क्या है?

स्किन, शरीर का सबसे बड़े अंग है। इसके कई महत्वपूर्ण फंक्शन हैं जैसे, शरीर से बहुत ज्यादा वॉटर लॉस होने से रोकना और शरीर के भीतरी अंगों को इंफेक्शन से बचाना। स्किन, शरीर का तापमान नियंत्रित करने, संवेदनशीलता, गर्मी को सहेजकर रखने और विटामिन डी का उत्पादन करने में भी मदद करता है। पानी में मौजूद केमिकल, धूप, मेकअप, प्रदूषण, हार्मोनल डिसऑर्डर और अनहेल्दी डाइट के कारण शरीर और त्वचा में विषैले तत्वों का भंडार जमा होना शुरू हो जाता है। डिटॉक्स का एक बहुत ही आसान सूत्र है - अपने भीतर प्रवेश करो और राह में कोई भी बाधा आए तो उसे रास्ते से हटा दो। कोई भी ऐसा तत्व जो हेल्दी केमिकल या बैक्टीरिया को अंत तक पहुंचने से रोकता है। आपको उसे हटाने के लिए मेहनत करनी है।

### क्या होता है जब स्किन डिटॉक्स नहीं होती है



जब आपकी स्किन डिटॉक्स नहीं होती है, तब आप नोटिस करते हैं कि स्किन में जलन, लालिमा आना और काले दाग-धब्बे पड़ने या झाई की समस्या होने लगती है। स्किन को डिटॉक्स करने वाले स्किन केयर रूटीन को नियमित रूप से फॉलो करने पर ये समस्याएं अपने आप ठीक होने लगती हैं। अगर इस प्रैक्टिस को बनाए रखा जाए तो दोबारा ये समस्याएं स्किन पर कभी दिखाई नहीं देती हैं।